राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दर्पण व्यू

सांध्यकालीन समाचार पत्र

सोमवार, 26 मई 2025 | वर्ष-04 | अंक-37 | मूल्य:-02 रुपये | पृष्ठ-08 | आगरा से प्रकाशित एवं फिरोजाबाद, हाथरस, धौलपुर से प्रसारित

निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल, हम खबरें छिपाते नहीं, छापते हैं...





किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती.... 02

छह गांवों के लोग लाठियां लेकर पहरा दे रहे.... 05

शिव दर्शन में समाहित है लोककल्याण अनुकरण.... 07

08



# मोदी सरकार में 1.35 लाख करोड़ हुआ स्वास्थ्य बजट: गृह मंत्री शाह

शाह ने राष्ट्रीय कैंसर में कैंसर मरीजों और उनकी देखभाल करने वालों के लिए बन रहे रिहायशी परिसर 'स्वस्ति निवास' की आधारशिला रखी। इस मौके पर उनके साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले भी मौजूद थे। राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की स्थापना वर्ष 2012 में हुई थी। केंद्रीय गृह मंत्री शाह रविवार रात तीन दिवसीय महाराष्ट्र दौरे पर नागपुर पहुंचे।

दर्पण व्यू डेस्क

**नागपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नागपुर में स्वस्ति निवास की आधारशिला रखी और कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि अब 60 करोड़ गरीबों को हर साल 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है और देश में 23 एम्स स्वीकृत हो चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को जबरदस्त मजबूती मिली है। उन्होंने सरकार के प्रयासों में निजी संस्थानों के योगदान की भी सराहना की। शाह नागपुर के राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में 'स्वास्ति निवास' की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। स्वास्ति निवास कैंसर मरीजों और उनके देखभाल करने वालों के लिए सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के तहत 60 करोड़ गरीबों को सालाना 5 लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार मिल रहा है। शाह ने कहा, आज देश में 23 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को मंजूरी मिल चुकी है, जबकि आजादी के बाद से 2014 तक केवल 7 एम्स बने थे। उन्होंने कहा, मनमोहन सिंह सरकार के दौरान स्वास्थ्य बजट 37,000 करोड़ रुपये था, जबकि अब मोदी सरकार में यह 1.35 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

**23 एम्स को मिली मंजूरी**



### समाज के लिए सेवा की भावना से काम करते हैं

केंद्रीय गृह मंत्री ने भरोसा जताया कि यह संस्थान आने वाले वर्षों में देश का सबसे अच्छा कैंसर उपचार केंद्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंसर का उपचार लंबा चलता है और मरीजों व उनके परिवारों को बहुत पीड़ा होती है। जो लोग खुद उस दर्द को महसूस करते हैं, वही समाज के लिए सेवा की भावना से काम करते हैं। गृह मंत्री शाह ने काह, अच्छी नीयत से किए गए कामों का समाज को फायदा मिलता है। सरकार और निजी संस्थानों की पहल दोनों मददगार होती हैं। शाह ने कहा कि 2012 में फडणवीस ने इस कैंसर संस्थान की परिकल्पना की थी और आज वह दो बार के मुख्यमंत्री बन चुके हैं।

# पीएम मोदी की चेतावनी

## अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा तो उसका भी मिटना तय

दर्पण व्यू डेस्क

**दाहोद।** प्रधानमंत्री मोदी ने दाहोद में करीब 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने वेरावल और अहमदाबाद के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस और वलसाड और दाहोद स्टेशनों के बीच एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित भी किया।

पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र मां भारती की, मानवता की रक्षा के लिए हमारे तप और त्याग को दशार्ता है। सोचिए, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कुछ किया, क्या भारत चुप बैठ सकता है? क्या मोदी चुप बैठ सकता है? अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। ये हम भारतीयों के संस्कारों और हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। इसलिए मोदी ने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी है। पीएम मोदी ने कहा, 'मोदी ने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारे शूरवीरों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमापार चल रहे 9 आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला और 22 तारीख को उन्होंने जो खेल खेला था, 6 तारीख की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाकर जब पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया, तो हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटा दी।'



उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद नए-नए बने देश का एक ही लक्ष्य था- भारत से नफरत करना और हमारी प्रगति को रोकने की कोशिश करना, लेकिन हमारा एक ही लक्ष्य है- आगे बढ़ते रहना, गरीबी को खत्म करना और विकसित भारत का निर्माण करना। वास्तव में विकसित भारत तभी संभव है, जब हमारी सशस्त्र सेनाएं मजबूत हों और हमारी अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो। हम पूरी लगन और दृढ़ संकल्प के साथ लगातार उस दिशा में काम कर रहे हैं।

### 'आज 26 मई है, 2014 में इसी तारीख को मैंने पहली बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी'

इससे पहले सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज 26 मई है। 2014 में इसी तारीख को मैंने पहली बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। सबसे पहले गुजरात के लोगों ने मुझे आशीर्वाद दिया, फिर करोड़ों भारतीयों ने मुझे आशीर्वाद दिया।'

### 'कोटि-कोटि जनों ने भी मुझे आशीर्वाद देने में कोई कमी नहीं रखी'

उन्होंने कहा कि गुजरात के आप सभी लोगों में मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया और बाद में देश के कोटि-कोटि जनों ने भी मुझे आशीर्वाद देने में कोई कमी नहीं रखी।आपके आशीर्वाद की शक्ति से मैं दिनरात देशवासियों की सेवा में जुटा रहा। इन वर्षों में देश ने वो फैसले लिए जो अकल्पनीय और अभूतपूर्व हैं। इन वर्षों में देश ने दशकों पुरानी बेड़ियों को तोड़ा है। देश हर सेक्टर में आगे बढ़ा है।

### 'देश निराशा के अंधकार से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा'

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश निराशा के अंधकार से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा है। आज हम 140 करोड़ भारतीय मिलकर अपने देश को विकसित भारत बनाने के लिए जी-जान से जुटे हैं। देश की तरक्की के लिए जो कुछ भी चाहिए वो हम भारत में ही बनाएं ये आज के समय की मांग है। भारत आज तेज गति से मैन्युफैक्चरिंग की दुनिया में आगे बढ़ रहा है। देश की जरूरत के सामान का निर्माण हो या फिर दुनिया के अलग-अलग देशों में हमारे देश की बनी हुई चीजों का निर्यात लगातार बढ़ रहा है।

# कर्नाटक के तटीय इलाकों और केरल में भारी बारिश का रेड अलर्ट

दर्पण व्यू डेस्क

**बंगलूरू।** जलभराव और भारी बारिश को देखते हुए जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्र बंद करने का आदेश दिया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटों में पूरे तटीय इलाकों में भारी बारिश का अनुमान है।

केरल में मानसून का आगमन हो गया है और इसके साथ ही देश में मानसूनी बारिश का दौर शुरू हो गया है। महाराष्ट्र में भारी बारिश हो रही है। वहीं कर्नाटक के तटीय इलाकों में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।




वहीं केरल के कई जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। प्रशासन ने लोगों को सावधान रहने के निर्देश दिए।

कर्नाटक के तटीय इलाके दक्षिणी कन्नड़ जिले में बीते दो दिनों से तेज बारिश हो रही है, जो सोमवार को भी जारी रही। मौसम विभाग ने कर्नाटक के तटीय इलाकों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। हालात को देखते हुए सरकार ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती करने का फैसला किया है। मंगलूरू शहर में भारी बारिश के चलते जगह-जगह जलभराव की समस्या हो गई है और सड़कों पर पानी भरने के चलते ट्रैफिक भी जाम हो गया है। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की छिटपुट घटनाएं भी हुई हैं। जिन इलाकों में बड़े पैमाने पर जलभराव की समस्या हुई है, उनमें मंगलूरू शहर के कोट्टारा जंक्शन, मालेमार, महावीरा सर्किल, उर्वा, माताडाकिनी, कुडरोली, कोडियाबेल आदि इलाके शामिल हैं।

# एक और जासूस: दिल्ली से NIA ने CRPF जवान को किया गिरफ्तार

दर्पण व्यू डेस्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली में राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए ने पाकिस्तान को संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में सीआरपीएफ के एक जवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी साल 2023 से पाकिस्तान को जानकारी दे रहा था। देश में एक के बाद एक पाकिस्तानी जासूस सामने आ रहे हैं। अब एक और जासूस गिरफ्तार किया गया है।



राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए ने एक सीआरपीएफ जवान को पकड़ा है। आरोपी जवान की पहचान मोती राम जाट के रूप में हुई है, जो सक्रिय रूप से जासूसी गतिविधि में शामिल था। पता चला है कि साल 2023 से पाकिस्तान खुफिया अधिकारियों को जानकारी दे रहा था। एजेंसी ने आगे पाया है कि विभिन्न माध्यमों से पीआईओ से पैसा मिल रहा था।

# परिवार कल्याण महानिदेशालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी

## कार्यालय कराया गया खाली, जांच जारी

दर्पण व्यू डेस्क

**लखनऊ।** परिवार कल्याण महानिदेशालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद कार्यालय को खाली कराया गया है। वजीरगंज पुलिस और बम स्क्वायड टीम मौके पर जांच कर रही है।

राजधानी लखनऊ में सोमवार को वजीरगंज स्थित परिवार कल्याण महानिदेशालय को मेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जानकारी मिलते ही अधिकारी व कर्मचारी दफ्तर से बाहर निकल आए। सूचना पर पहुंची पुलिस और बम स्क्वायड टीम जांच में जुट गई है। परिवार कल्याण महानिदेशालय का कार्यालय जगत नारायण रोड पर स्थित है। दोपहर करीब 1:30 बजे डीजी को एक मेल आया। मेल में कार्यालय को बम से उड़ाने की बात लिखी थी। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। डीजी ने कार्यालय में मौजूद लोगों को बाहर निकलने के निर्देश दिए।

# कर्नाटक: भाजपा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करेगी कांग्रेस सरकार


## विपक्षी पार्टी ने कहा- यह आपातकाल का दूसरा अध्याय

दर्पण व्यू डेस्क

**बंगलूरू।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने दुष्प्रचार फैलाने के आरोप में भाजपा की राज्य इकाई के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करने का फैसला लिया है। सरकार की ओर से रविवार को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि भाजपा ने 'राज्य सरकार के दो साल के कार्यकाल की विफलताओं का आरोपपत्र' शीर्षक के साथ प्रिंट और डिजिटल मीडिया में गलत जानकारी दी है।



सरकार ने कहा कि विपक्षी पार्टी ने तथ्यों को तोड़-मरोड़ के पेश किया है और दुष्प्रचार किया है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने सरकार के इस कदम को कर्नाटक में आपातकाल के दूसरे अध्याय की शुरूआत बताया है। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार यह मानहानि का मुकदमा बंगलूरू की 42वीं मुख्य मेट्रोपोलिटन कोर्ट में दर्ज करेगी।







# अच्छे दिनों की बात डरावना सपना बनी

## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर कांग्रेस का तंज

दर्पण व्यू डेस्क

**नई दिल्ली।** खरगे ने कहा कि 'किसानों की आय दोगना करने का वादा किया गया था, आय तो दोगुनी हुई नहीं ऊपर से उन्हें रबर की गोलियां खानी पड़ीं। महिलाओं के आरक्षण पर शर्तें लागू कर दी गई है और महिला सुरक्षा तार-तार है। पिछड़े वर्गों पर अत्याचार हो रहा है और उनकी हिस्सेदारी भी कहीं खो गई है।'

मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी सरकार पर देश को बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि अच्छे दिन का वादा एक डरावना सपना बनकर रह गया है। खरगे ने किसानों, महिलाओं, रोजगार और अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।




मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 26 मई 2014, 11 वर्षों में मोदी सरकार के सभी बड़े-बड़े वादे खोखले साबित हुए हैं। मोदी सरकार ने देश को तबाह कर दिया है कि अच्छे दिन की बात अब डरावना सपना बन गई है। युवाओं से दो करोड़ नौकरियां सालाना का वादा किया गया था, लेकिन करोड़ों नौकरियां गायब हो गईं। खरगे ने लिखा कि 'किसानों की आय दोगना करने का वादा किया गया था, आय तो दोगुनी हुई नहीं ऊपर से उन्हें रबर की गोलियां खानी पड़ीं। महिलाओं के आरक्षण पर शर्तें लागू कर दी गई है और महिला सुरक्षा तार-तार है। पिछड़े वर्गों पर अत्याचार हो रहा है और उनकी हिस्सेदारी भी कहीं खो गई है।

### अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर घेरा

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर सरकार को घेरते हुए खरगे ने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है और बेरोजगारी भी लगातार बढ़ रही है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया और देश को विश्वगुरू बनाने जैसे वादे किये थे, लेकिन देश के हर देश के साथ रिश्ते तबाह कर दिए गए।

## संपादकीय

# समय से कभी विलम्ब ना चले



हमेशा समय के साथ चले,समय से कभी विलम्ब ना चले ऐ सवाल का जबाब रामायण में किस्किंधा कांड में पढ़ने को मिलता है जब माता सीता की खोज में सुग्रीव को चेताया था लोगों से सुनने को मिलता है कि भगवान श्री राम ने वालि को धोखे से मारा ऐ गलत है प्रभु ने वालि को मोक्ष दिया धोखा से नहीं मारा था भगवान श्री राम के पिता राजा दशरथ , बड़ी मुश्किल कैकई के वचन को पूर्ण करने के लिए भगवान राम को 14वर्ष के वनवास के लिए आदेश दे पाए होंगे। राजा, उनकी आँखें आँसुओं से भरी हुई थीं, उनका गला भावनाओं से भर गया था, वे केवल ये शब्द बोल पाएः राम और कुछ नहीं वास्तव में, राम ने बिना किसी सवाल के आदेश स्वीकार कर लिया। मैं पिता की आज्ञा का पालन करने में प्रसन्न हूँ, उन्होंने कैकेई से कहाः क्यों, अगर आप आदेश दें तो भी मैं जाऊँगा। इस प्रकार, बिना किसी विरोध के, राम दयालुता और सद्भावना के एक बड़े इशारे में अपने 14 साल के वनवास की यात्रा पर निकल पड़ते हैं।वह कैकेई से वास्तव में अनुरोध करते हैं कि वह राई का पहाड़ न बनाए। उन्होंने उसे सांत्वना भी दी और अनुरोध किया कि उसे इतनी छोटी सी बात पर बिल्कुल भी चिंता नहीं करनी चाहिए। राम को, 14 साल जंगल में बिताना बहुत छोटी सी बात लगती थी। राम के सबसे वफादार छोटे भाई लक्ष्मण ने अब राम के साथ मिलकर राम के साथ किए गए अनुचित व्यवहार का शाही जवाब देने का फैसला किया। राम ने लक्ष्मण को समझाने की पूरी कोशिश की कि उन्हें परिवार की देखभाल करने के लिए वापस लौटना चाहिए और राज्य पर शासन करने में भरत की मदद भी करनी चाहिए।
हालाँकि, लक्ष्मण ने उनकी बात नहीं मानी। हालाँकि लक्ष्मण राम के भाग्य या नियति के दर्शन से सहमत नहीं थे, लेकिन वे अपने बड़े भाई के बिना भी नहीं रह सकते थे। इस तरह यह बात सामने आई कि राम के पास अपने छोटे भाई को वनवास में अपने साथ ले जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। राम के लिए मामले को और भी बदतर बनाने के लिए, उनकी युवा पत्नी सीता ने भी राम के साथ जाने का फैसला किया। सीता को समझाने के राम के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद कि उनके लिए जंगल में रहना बहुत कठिन होगा, सीता ने जोर देकर कहा कि वह अपने पति के साथ जाएँ। जैसे पदार्थ के लिए छाया होती है, वैसे ही पति के लिए पत्नी होती है, उसने राम को याद दिलाया क्या पत्नी का धर्म अपने पति के साथ रहना नहीं है? मुझे तुम्हारे आगे चलने दो ताकि मैं तुम्हारे पैरों के लिए रास्ता सुगम बना सकूँ। इस प्रकार राम को सीता को अपने साथ वन में ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। फिर राम, सीता, लक्ष्मण राजा के चरणों में झुके, और दुखी होकर चले गए उस समय राम के लिपकारी होने के नाते, राम ने शाही जीवन, अपने राज्य के सिंहासन का त्याग कर दिया, वनवास जाने का फैसला किया।राम ने जंगल में रहने वाले चौदह हजार राक्षसों का वध किया । यह देखते हुए, सीता ने राम को उनकी हिंसा के खिलाफ चेतावनी दी थी जब वे राक्षसों का विनाश करके ऋषियों (या संतों) की मदद करने के लिए सहमत हुए। दुर्घटनाएँ तब भी होती हैं जब कोई उनसे बचने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करता है। आइए हम इसे राम के दृष्टिकोण से देखें। राम, एक पूर्णतावादी होने के नाते, अपनी पत्नी की छोटी-छोटी इच्छाओं को पूरा करके एक आदर्श पति बनने की पूरी कोशिश की - खासकर ऐसी वफादार पत्नी की जो महल-जीवन के सभी सुखों का त्याग करके 14 साल तक जंगल में रहने के लिए उनके साथ चली गई थी। इसके अलावा, भाई लक्ष्मण के उनकी छोटी सी झोपड़ी में रहने के कारण, राम अच्छी तरह से जानते थे कि सीता सुरक्षित हाथों में है। फिर भी, रावण ने अपने धूर्तता का इस्तेमाल करके राम और लक्ष्मण को मायावी शक्ति का प्रयोग कर माया के वजह से सीता का अपहरण कर लिया है और राम बहुत दुखी हुए लक्ष्मण अब राम को सांत्वना देते हैंः दुर्भाग्य आते हैं और ज्वाला की तरह इसमें हिम्मत से काम लेना चाहिए,लक्ष्मण की सलाह के बावजूद, राम अभी भी दुखी हैं।

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती

**अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया।**

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दशार्ती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक




एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है।

# सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम

**शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं केवल 10 या 14 साल तक सेवाएं दे सकती हैं। इसके बाद वो सेवानिवृत्त हो जाती हैं। लेकिन अब उन्हें स्थायी कमीशन के लिए आवेदन करने का भी मौका मिलेगा। जिससे वो सेना में अपनी सेवाएं आगे भी जारी रख पाएंगी और रैंक के हिसाब से सेवानिवृत्त होंगी। साथ ही उन्हें पेंशन और सभी भत्ते भी मिलेंगे। 1992 में पांच साल के लिये शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए महिलाओं का पहला बैच भर्ती हुआ था। इसके बाद इस सर्विस की अवधि को 10 साल के लिए बढ़ाया गया। 2006 में शार्ट सर्विस कमीशन को 14 साल कर दिया गया।**

भारतीय सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़ चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्यवाही की। सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्यवाही की हर दिन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है। भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।। अर्थातः जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती, वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर



प्लेन उड़ा रही है। तो युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है।

भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं। लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का रास्ता बहुत बाद में खुला। साल 1943 में बनी रानी झांसी रेजिमेंट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का हिस्सा थी। यह पहली बार था जब महिलाएं युद्ध के मोर्चे पर सक्रिय रूप से दिखाई दी। आजादी के बाद भी सशस्त्र बलों में महिलाओं को लंबे समय तक सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया।

भारत की तीनों सेनाओ (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगस्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11414 महिलाएं सेवाएं दे रही है। थल सेवा में 7054 महिलाएं सेवारत है। इनमें 1733 महिला अधिकारी है। यह आंकड़ा 1 जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1654 अधिकारी सेवारत है जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही है। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत है जबकि 727 महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है। इसी तरह 1212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है। 151 महिलाएं नौसेना के मेडिकल कॉर्प्स में 10 महिलाएं डेंटल कार्य और 380 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। 274 महिलाएं भारतीय वायु सेवा के मेडिकल कॉर्प्स में पांच महिलाएं डेंटल कॉर्प्स में और 425 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। पहले महिलाओं को शार्ट सर्विस कमीशन में ही लिया जाता था। लेकिन फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिलने लगा है।

अब एनडीए की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटों पर लड़कियां सिलेक्ट होती है और वह भी ओपन कंपटीशन में मुकाबला करके। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मार्च 2025 में संसद में बताया था कि 2022 में महिला कैडेट्स के पहले बैच की एंट्री के बाद से अब तक एनडीए में 126 महिलाओं को एडमिशन मिला है। आर्म्ड फोर्सज में आने के बाद उनके लिए भी अवसर समान होते हैं। उनका करियर प्रोग्रेस वैसा ही होगा जैसा लड़कों का होगा। सर्विस रूट समान होते हैं। अब हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी सेना में पूरी तरह जेंडर न्यूट्रलाइजेशन हो गया है।

सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी है। जो मिसाइल चलती है मोर्चे पर भी जाती है। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती है और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती है। अब महिलाएं डिफेंस भी करती है। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती है।

अभी तक आमने-सामने की लड़ाई में महिलाओं को नहीं भेजा जाता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले की स्क्वाड्रन लीडर मोहन सिंह 2016 में भारतीय वायु सेवा की तेजस फाइटर स्पाइडर में शामिल होने वाली पहली महिला बनी। इससे पहले वह मिग 21 बाइसन फाइटर प्लेन भी उड़ा चुकी है। ग्रुप कैप्टन सालिया धामी वायु सेवा की ऐसी पहली महिला अधिकारी बनी है जो फ्रंटलाइन काम्पैक्ट यूनिट की कमान संभाल रही है। फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली भी वह पहली महिला अधिकारी है। भारत की सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और थलसेना एवं नौसेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिला अधिकारी ही कर रही हैं। रक्षा बलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रगति धीमी रही है। लेकिन लोगों का मानना है कि इसमें लगातार प्रगति हुई है। अब एक साथ बहुत सारी महिलाएं प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वे दूसरों के लिए रास्ता बना रही हैं।

# हम हिन्दुस्तानी



हर सेना का स्वरूप बदल रहा है,
किसी भी सीमा पर युद्ध में
देशवासियों के अतिरिक्त अन्य
देशों का वीर भी युद्ध लड़ रहा है,

भारतीय सेना में जवान
अग्निवीरों का प्रवेश हुआ
प्रशिक्षण के पश्चात भारतीय
सेना में उनका समुचित समावेश हुआ है,

आज सिक्किम में भारतीय सेना
अधिकारी ने अपनी जान पर
खेलकर अग्निवीर का जीवन बचाया है

भारतीय सेना ने परचम
पराक्रम व जोखिम उठाकर
बलिदान देने का संकल्प
दोहराया कर अतुलनीय
उदाहरण पेश कर दिखाया है

हमारी सेना में हर अग्निवीर सुरक्षित है
सेना की नींव जीवन के मूल्यों व निस्वार्थ
देश सेवा पर ही रही आधारित है

हमें अपनी सेना पर गर्व और अधिक प्रबल होगा,
जब-जब राष्ट पर संकट आएगा
हर कोई न्योछावर होने से नहीं पीछे हटेगा
दलगत राजनीति से उठकर
हर किसी की पहली पसंद
हिन्दुस्तानी व बस हिन्दुस्तानी कहलाना ही होगा।



Shelleyandra Kapil
Ex Railway Officer




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको कुछ मौसमी बीमारियां अपनी चपेट में ले सकती हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। पारिवारिक समस्याओं फिर से सिर उठाएंगी। वरिष्ठ सदस्य आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। आपको किसी पुरानी नौकरी का ऑफर आने से आप तुरंत उसे ज्वाइन ना करें। आपको अपने कामों को कल पर टालने से बचना होगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपने यदि किसी पर आंखों मूंदकर भरोसा किया, तो इससे आपको कोई नुकसान हो सकता है। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम रखने की आवश्यकता है। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। विद्यार्थी यदि किसी परीक्षा में भाग लेंगे, तो उसमें उन्हें जीत मिलेगी।

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग यदि रिश्ते में नयापन ला सके, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके विरोधी सक्रिय रहेंगे, जो आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आपको किसी काम में जोखिम चल रहा था, तो उससे आपको बचना होगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप किसी नए प्रोजेक्ट की शुरूआत कर सकते हैं। आपको यदि कामों में कुछ कठिनाइयां आ रही थीं, तो वो भी दूर होंगी। जीवनसाथी का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपनी किसी मन की इच्छा को लेकर माताजी से बातचीत कर सकते हैं।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से भरा रहने वाला है। आपके लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। आपको अपने कामों को लेकर प्लानिंग करने की आवश्यकता है। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आपको किसी पारिवारिक मामले को घर से बाहर नहीं जाने देना है। कुछ नया करने की कोशिश आपकी रंग लाएगी। आप अपने बिजनेस को विदेशों तक लेकर जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपके कुछ विरोधी बढ़ सकते हैं। आपके अनचाहे खर्च आपको परेशान करेंगे। दांपत्य जीवन आनंदमय रहेगा। पुराने कर्जों से भी आपको छुटकारा मिलेगा। आपकी किसी से कोई बात बिगड़ सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। आपको पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आप अपने खर्चों को भी थोड़ा कंट्रोल करने की कोशिश करें। आप किसी से बहसबाजी ना करें। परिवार में चल रही समस्याएं आपको परेशान करेंगी। आपको कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो वह आपको मिल सकती है। किसी यात्रा पर जाते समय आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। भाई-बहनों का आपका पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप अपने घर के कामों में लापरवाही कर सकते हैं। यदि आपके पास कुछ पुराना कर्जा था, तो उसे भी आप उतारने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए किसी नए बिजनेस की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपको काम को लेकर टेंशन अधिक रहेगी। आप कहीं घूमने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य से यदि खटपट हो, तो आपको उसे समय रहते निपटाने की कोशिश करनी होगी। विद्यार्थियों की किसी नए कोर्स के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए ऊजार्वान रहने वाला है। आपके कामों में आपके सहयोगी पूरा साथ देंगे और किसी काम को आप समय से आसानी से पूरा कर पाएंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति होने से खुशी होगी। आप अपने आवश्यक कामों का समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि रहेगी। गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सुझावों का स्वागत होगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप किसी मनपसंद जगह घूमने जा सकते हैं। मित्रों के साथ कोई पार्टी आदि को करने की योजना बनाएंगे। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है।

**मीन राशिः** आज नौकरी में कार्यरत लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, उनके कामों में कुछ गड़बड़ी निकल सकती है। आपको संतान के करियर को लेकर भी टेंशन रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। आपका मन परेशान रहेगा, इसलिए आप भगवान की भक्ति में मन लगाएंगे, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपको धन को लेकर टेंशन बनी रहेगी।

# फतेहपुर सीकरी में पूर्व सभासद की पत्नी का शव मिला, सनसनी

## बुलंद दरवाजा के पास झाल्ले में तैर रही थी लाश

दर्पण व्यू संवाद

**किरावली।** फतेहपुर सीकरी में सोमवार सुबह एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बुलंद दरवाजा के पास स्थित झाल्ले में सुबह 6:30 बजे यह शव मिला।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की। मृतक की पहचान असरफ बेगम (50) के रूप में हुई। वह पूर्व सभासद रहीस फोटोग्राफर की पत्नी थीं और मोहल्ला रोजातल कस्बा सीकरी में रहती थीं। महिला के तीन बच्चे हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है और दो बेटे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है।



पुलिस मामले की हर दिशा में जांच कर रही है। पड़ोसियों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी है।

महिला की मौत की खबर से मोहल्ला पहाड़ फतेहपुर सीकरी में शोक लहर है।

सुबह काफी संख्या में लोगों इकट्ठा हो गए। मोहल्ले के लोगों ने परिवार वालों को सूचना दी। कुछ लोगों का कहना है कि गृह क्लेश के चलते वह झाल्ले में कूदी थी। परिवार के लोग कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं। पंचनामा भर कर शव को मोर्चरी भेज दिया गया।

## पत्नी के खिलाफ आभूषण चोरी करने का मुकदमा दर्ज

**आगरा ( दर्पण व्यू )।** थाना हरीपर्वत में एक युवक ने पत्नी के खिलाफ फ्लैट से गहने चोरी कर लेने का मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा न्यायालय के आदेश पर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार सूर्य नगर हरीपर्वत के रहने वाले हरशिव होरा ने थाना हरीपर्वत में पत्नी के खिलाफ तहरीर देते हुए पुलिस को बताया उनकी शादी सिद्धार्थ अपार्टमेंट निवासी जयाश्री से 14 फरवरी 2024 को हुई थी।

आरोप है कि पत्नी अपनी मां के साथ 20, 21 और 22 फरवरी को उनके घर आई और गहने चोरी कर ले गई। चोरी के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध हैं।

अदालत के आदेश पर जयाश्री, कविता, संजीव कपूर सहित चार के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। इस संबंध में डीसीपी सिटी सोनम कुमार का कहना है कि जयाश्री की ओर से हरीपर्वत थाने में होरा परिवार के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला भी दर्ज है। इसकी भी जांच की जा रही है।

# मथुरा जाने से पहले सपा सांसद घर पहुंची पुलिस

- सुमन के आवास को पुलिस ने सुबह से घेर लिया
- दबंगों ने दलित परिवार की शादी में किया था तांडव

दर्पण व्यू संवाद

**आगरा।** मथुरा जाने से पहले सपा सांसद के आवास पर पुलिस पहुंच गई और उन्हें जाने से रोक लिया और घर में नजरबंद कर दिया। इस पर सांसद और उनके समर्थकों की पुलिस से नोक झोंक भी हुई। यह कोई पहली बार नहीं हुआ है उन्हें कई बार रोका गया है। मथुरा के गांव भूरेका में दबंगों ने एक दलित परिवार की शादी में हंगामा करते हुए मारपीट और तोड़फोड़ की थी। उस परिवार से मिलने के लिए सपा सांवाद रामजी लाल सुमन के समर्थकों के साथ आज सुबह जा रहे थे। इसकी जानकारी पुलिस अधिकारियों को मिल गई। उनके आवास पर सुबह से ही पुलिस फोर्स पहुंच गया और उन्हें जाने से रोक दिया गया। सांसद को घर में नजरबंद कर दिया गया। इस पर सपा सांसद राजजीलाल सुमन और उनके समर्थकों में पुलिस से नोक झोंक भी हुई। सांसद को यह पहली बार नहीं रोका गया है। इससे पहले भी उन्हें रोका गया था।



# ताज पर धमकी : जांच को केरल जाएगी पुलिस

- ऐतिहासिक इमारत को उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला था
- सुरक्षाकर्मियों ने ताज में चलाया था तीन घंटे का सर्च ऑपरेशन

दर्पण व्यू संवाद

**आगरा।** आगरा में ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। ईमेल केरल से आया था, इसलिए संभवतः आगरा पुलिस की टीम केरल जा रही है।

बता दें कि शनिवार को पर्यटन विभाग को सुबह ईमेल के जरिए ताजमहल बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। ईमेल में लिखा था कि 3:30 बजे ताजमहल को आरडीएक्स से उड़ा दिया जाएगा। इसके बाद सीआईएसएफ, ताज सुरक्षा पुलिस, बन निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड, पर्यटन पुलिस और भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने करीब तीन घंटे तक ताजमहल का चप्पा-चप्पा छाना था। हालांकि, कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी। धमकी के बाद ताजमहल के पूर्वी और पश्चिमी गेट पर सतर्कता और बढा दी गई है। इस मामले में साइबर सेल ने जांच शुरू की थी। पता चला कि मेल किसी सव्वाकु शंकर की मेल आईडी से आया था। साइबर सेल थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है।

मेल चूंकि आउटलुक के जरिए आया था, इसलिए साइबर थाना पुलिस ने आउटलुक की कंपनी माइक्रोसॉफ्ट को ई-मेल भेजकर मेल भेजने वाले की जानकारी व आईपी एड्रेस मांगा है। केरल पुलिस से भी सहयोग मांगा है। आगरा पुलिस केरल भी जा सकती है, जिससे सव्वाकु शंकर की जानकारी मिल सके।

# चार दिन और बंद रहेगा अंबेडकर पुल

- 22 को आए बवंडर में गिर गई थी रेलिंग
- चार पहिया वाहन फिलहाल नहीं निकलेंगे

दर्पण व्यू संवाद

**आगरा।** आगरा में 22 मई को आंधी से अंबेडकर पुल की रेलिंग गिर गई थी। तब से ही पुल को बंद कर दिया गया था। मरम्मत कार्य के लिए पुल अभी चार दिन और बंद रहने की संभावना है। भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो, इसके लिए रेलिंग हटाए जाने की योजना है।

पिछले बुधवार को आई आंधी में पुल की दोनों तरफ की 40-40 फीट की रेलिंग टूट गई है। जो रेलिंग अभी लगी हुई है, उसका भी एक हिस्सा लटक गया है। अंबेडकर पुल से होकर हर दिन करीब 20 हजार से अधिक लोग गुजरते हैं। इसमें चार पहिया वाहन शामिल हैं जबकि दो पहिया वाहन चालकों को शामिल कर लिया जाए तो यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है।

पुल को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। लोगों को पुल पर नहीं जाने दिया जा रहा था। रेलिंग का एक तरफ का हिस्सा पुल के ऊपर गिरा है तो वहीं दूसरी तरफ का हिस्सा नदी में जाकर गिरा है। उसके पास की रेलिंग को रस्सियों से बांधा गया है क्योंकि रेलिंग आधी नदी की तरफ लटक गई है।




बता दें कि यमुना पर बसपा शासनकाल में वर्ष 2008 में अंबेडकर पुल का निर्माण हुआ था। मगर, निर्माण के एक साल बाद ही पुल में दरार आ गई थीं। पुल की बीम तक दिखने लगी थीं। उसके बाद कई बार पुल के पिलर के ज्वाइंट की सरिया निकल आई हैं। अंबेडकर पुल 15 साल के भीतर सात बार बंद हुआ है। वर्ष 2017, 2018 में भी पुल को बंद किया गया था। पुल की मरम्मत कराई गई। अंतिम बार इसे वर्ष 2022 में बंद किया गया था। गुरुवार को डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी पुल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निर्देश दिए थे कि पुल बंद रहेगा। लेकिन अब दो पहिया वाहनों के लिए पुल खोल दिया गया है। लेकिन चार पहिया वाहन अभी भी नहीं गुजर सकेंगे। पुल के दोनों तरफ बैरीकेडिंग कर आवागमन को रोका गया है। पुलिस बल भी तैनात किया गया है। सेतु निर्माण निगम की टीम ने पुल का निरीक्षण किया था। निर्णय लिया गया कि जो रेलिंग अभी लगी हुई, उसे भी हटा दिया जाए, जिससे भविष्य में किसी भी तरह का खतरा न रहे। मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। अब पैदल चलने वाले और दोपहिया वाहनों को निकलने की अनुमति दी गई है। चार दिन अभी मरम्मत कार्य चलेगा।

# एक और फर्जी बैनामा सामने आया

- अप्रवासी दंपत्ति की बेशकीमती जमीन को हड़प लिया
- स्वीडन से आकर पुलिस अधिकारियों से की शिकायत
- पूर्व प्रधानमंत्री पं. नेहरू के रिश्तेदारों के साथ भी फ्रॉड

दर्पण व्यू संवाद

**आगरा।** ताजनगरी में जमीनों के घोटाले का सिलसिला थम नहीं पा रहा है। तहसील में कई फर्जी मामले में पकड़े जा चुके हैं। इससे पूर्व जीवनी मंडी का अरबों का जमीन धांधली का मामला उजागर हुआ था। अब चारसू गेट में बेशकीमती जमीन का फर्जी मामला सामने आया है। पुलिस ने अप्रवासी दंपत्ति की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह मामला पूर्व प्रधादनमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के रिश्तेदारों से संबंधित बताया जा रहा है।




पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की बहन विजयलक्ष्मी पंडित के धेवते और अप्रवासी भारतीय गोपाल किशन दर के परिवार की चारसू गेट स्थित पैतृक हवेली की भूमि का कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया। इसके कुछ हिस्से में निर्माण करा लिया गया। दर दंपती ने आगरा पहुंचकर पूरे प्रकरण की जानकारी डीसीपी सिटी को देकर प्रार्थना पत्र दिया है। इसके साथ ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

स्वीडन निवासी अप्रवासी भारतीय गोपाल किशन दर अपनी पत्नी प्रीता सिंह के साथ पुलिस अफसरों से मिले। उन्होंने बताया कि उनके दादा अवतार किशन दर की पैतृक हवेली चारसू गेट, कृष्णा आश्रम, घटिया आजम खां में पुरानी हवेली के अलावा आसपास की तीन हजार वर्ग गज जमीन है। इसकी कीमत करोड़ों में हैं। हवेली में बरसों पुराने 14 किरायेदार रहते हैं। इन किरायेदारों की भी तीसरी पीढ़ी यहां निवास कर रही है। उन्होंने बताया कि कृष्णा आश्रम चारसू गेट में पिता अवतार किशन दर और चाचा स्वरूप किशन दर के नाम करीब 6 हजार वर्ग गज पैतृक जमीन है, जो तीन हिस्सों में है।

वह और उनकी बहन ज्योति अपने पिता की दो संतान हैं। चाचा के बेटे माधव किशन दर, हरि किशन दर व बेटी अपर्णा दर हैं। हमारी इस जमीन का अभी तक कोई बंटवारा नहीं हुआ है और न ही किसी ने अपनी जमीन को बेचा है।

गोपाल किशन दर का आरोप है कि दो पूर्व पार्षदों ने इसमें से कुछ जमीन का बैनामा करा लिया है। एक महिला जिसने बैनामा किया है, वह उषा दर है, जोकि हमारे परिवार की सदस्य ही नहीं है।

आरोप है कि यह सभी बैनामे कूटरचित दस्तावेजों से कराए गए हैं। जमीन को कब्जाने में कई लोग शामिल हैं। अब इस जमीन के कुछ हिस्से में जबरन निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है।

डीसीपी सिटी सोनम कुमार का कहना है कि मामले को जांच के लिए हरीपर्वत थाने भेजा गया है। जांच कराई जा रही है। पैतृक कोठी और जमीनों पर लगभग 70 साल से 14 परिवार किराए पर रह रहे हैं। उन्हें भी भूमाफिया परेशान करके भगाना चाहते हैं। यह किरायेदार दर परिवार को किराया देते हैं।

## बुटीक आते-जाते करता था छेड़छाड़ हुआ गिरफ्तार

**आगरा (दर्पण व्यू)।** महिला से छेड़छाड़ करने वाले मनचले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कई दिनों से आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। छेड़छाड़ का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। सदर थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को बताया कि वह सदर क्षेत्र में बुटीक चलाती हैं। बुधवार दोपहर बुटीक जा रही थीं। रास्ते में लाल रंग के स्कूटर पर एक युवक पीछे से आया। रोक कर छेड़खानी करने लगा। कपड़े खींचने लगा। उसने उसको नग्न करने का प्रयास किया। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के खंगाले। इससे युवक का सुराग लगा। पिछले तीन दिन से पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को थाना सदर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया।

## फैशन फेस्टिवल : डॉ. यामिनी मल्होत्रा की उपस्थिति बनी आकर्षण का केंद्र

दर्पण व्यू संवाद

**आगरा।** 'मॉडल कोलबै फैशन फेस्टिवल - 2025' का आयोजन भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम क्राउन ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा तोरा चौकी के पास, फतेहाबाद रोड, आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेशभर के मॉडल्स, इन्फ्लुएंसर्स और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन की शोभा बढ़ाई सेलिब्रिटी गेस्ट डॉ. यामिनी मल्होत्रा ने। उन्होंने उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में Mayra Events India Private Limited ने व्यवस्थाएं संभाली।



फैशन शो, क्रिएटिव प्रस्तुतियाँ, और टैलेंट सेगमेंट्स से भरपूर यह कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आयोजन का उद्देश्य न केवल फैशन और ग्लैमर की दुनिया को एक मंच पर लाना था, बल्कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को एक सशक्त मंच देकर उनकी प्रतिभा को पहचान दिलाना भी था। कार्यक्रम को दर्शकों और मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा अत्यंत सराहना प्राप्त हुई, और यह आयोजन निश्चित ही आने वाले वर्षों के लिए एक नई मिसाल बन गया।

## बसपा में शामिल होने के बाद पलटे सपा नेता

दर्पण व्यू संवाद

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता तुलसीराम यादव ने बसपा का दामन थाम लिया, लेकिन कुछ घंटे बाद ही उन्होंने बसपा का दामन छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो से पीडीए की मजबूती के लिए मिलने गए थे।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता तुलसीराम यादव का बसपा में शामिल होना नाटकीय रहा। बसपा की ओर से उनके पार्टी में शामिल होने की विज्ञप्ति जारी करने के कुछ घंटे बाद ही उन्होंने इससे मना कर दिया।

बता दें कि यादव 1990-91 में बसपा के मंडल प्रभारी थे। बाद में सपा में शामिल हो गए। इनकी सपा अध्यक्ष दिवंगत मुलायम सिंह यादव और शिवपाल यादव से काफी नजदीकी रही। बसपा जिलाध्यक्ष की ओर से शाम को इनके पार्टी में



शामिल होने की फोटो समेत आधिकारिक पत्र पर जानकारी जारी की गई। इसके कुछ घंटों के बाद ही तुलसीराम यादव ने पार्टी में शामिल नहीं होने की बात कही। उनका कहना है कि वे बहनजी से पीडीए की मजबूती के लिए मिलने गए थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बसपा का पटका पहनाकर फोटो खींची और पार्टी में शामिल होने की सूचना जारी कर दी। बसपा जिलाध्यक्ष विमल कुमार वर्मा का कहना है कि सपा के बड़े नेताओं के दबाव में तुलसीराम यादव ऐसा कह रहे हैं।

# नाला सफाई में लगे 54 ट्रैक्टर, 10 लोडर

दर्पण व्यू संवाद

**आगरा।** नगर निगम मानसून से पहले शहर के सभी छोटे बड़े नाले साफ करने में जुटा है। जिससे कि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न खड़ी हो। नाला सफाई के दौरान सबसे बड़ी चुनौती सिल्ट उठाने की है। इसके लिए नगर निगम ने 54 ट्रैक्टर, 10 ट्रैक्टर लोडर और 6 खउइ लगाई हुई हैं। इतना ही नहीं, सिल्ट उठाने के बाद सड़कों की धुलाई भी कराई जा रही है। ताकि सड़कों पर सिल्ट न जमी न रह जाए। आगरा नगर निगम सीमा में 410 छोटे-बड़े नाले हैं।

अभियान के दौरान बुढान सैयद, रळढ प्लांट नगला बूढ़ी, कैलाश रोड, मुगल रोड,नवल किशोर रोड, वीरी सिंह इंटर कॉलेज दयालबाग,सदर वन, पृथ्वीनाथ मंदिर रोड, शमसाबाद रोड, एकता पुलिस

### 30 जून तक शहर के सभी नाले होने हैं साफ



चौकी, एत्माद्दौला रोड, सतीनगर यमुना पार क्षेत्र में नालों से निकली सिल्ट का उठान करा कर कोठी मीना बाजार,सदर भट्ठी,एत्माद्दौला के पास स्थित सिल्ट कलेक्शन सेंटरों को भेजा गया।

नगर आयुक्त ने दावा किया है तीन दिन के अंदर बड़े नालों से करीब 2100 ट्रॉली से सिल्ट उठाई गई । नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. संजीव वर्मा ने बताया कि बारिश के सीजन में होने वाले जलभराव की समस्या को देखते हुए 30 जून से पहले नगर निगम सीमा में स्थित सभी छोटे बड़े नालों की सफाई करनी है। इसका लक्ष्य रखा गया है। नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक 15 बड़े नालों की सफाई का काम पूरा किया जा चुका है। अभियान चला कर नालों से निकल रही सिल्ट को भी उठाने के लिए कार्य शुरू किया जा चुका है। तीन दिवसीय विशेष अभियान के तहत 2100 ट्रॉली सिल्ट का उठान कराया जा चुका है।

गंदगी न रहे इसको ध्यान में रखते हुए साथ ही साथ धुलाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल का कहना है बारिश से पहले सभी नालों की सफाई का लक्ष्य रखा गया है। यह कार्य निरंतर चालू है । सफाई के दौरान निकली सिल्ट को 24 घंटे के अंदर उठाने व धुलाई के निर्देश दिए गए हैं यदि कहीं पर नियत अवधि के बाद भी सिल्ट पाई जाती है तो क्षेत्रीय रड के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जीमखाना और मोतीगंज में नहीं होगा जलभराव

छत्ता गली नाला बनने से जीमखाना और मोतीगंज क्षेत्र में बरसात में होने वाली जलभराव की समस्या का समाधान हो जाएगा। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने नाला निर्माण कार्य बारिश शुरू होने से पूर्व करा लेने के निर्देश दिए हैं। नाला काजीपाड़ा, बिजलीघर स्थित डलियावाला पुलिया को भी साफ करने के निर्देश दिए। इस स्थान पर नाला मंटोला और नाला काजीपाड़ा के मिलने से सर्वाधिक बहाव होता है। अंबेडकर पार्क में नाले के बीच से गुजर रही पानी की पाइप लाइन के कारण नाले की सफाई व प्रवाह में अवरोध आता है। थाना छत्ता गली नाले की पुलिया में हाल ही में एक ओर 600 एमएम व्यास के पाइप के स्थान पर 900 एमएम व्यास के पाइप डाले गये हैं। इसी प्रकार से दूसरी अेर भी पुलिया में 900 एमएम व्यास के पाइप डालने के निर्देश दिए गए हैं।

### शमसाबाद में लोगों को मिली राहत

शमसाबाद रोड से गुजरने वाले शहरवासियों को जलभराव की समस्या से बड़ी राहत मिली है। यहां रोड पर डबल पेट्रोल पंप के पास स्थित नाले की पुलिया को नगर निगम ने साफ करा दिया है। पिछले कई माह से यह पुलिया चोक थी, जिससे राजाराम की बगिया से लेकर राजपुर तक विभिन्न स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।

# घटिया सामग्री को देख विधायक के तेवर हुए सख्त

## सीकरी रेलवे स्टेशन का विधायक ने किया निरीक्षण

**● आरक्षण कार्यालय में यात्रियों के बैठने की नहीं है सुविधा**



दर्पण व्यू संवाद

**फतेहपुर सीकरी।** ऐतिहासिक नगरी फतेहपुर सीकरी के विधायक चौ. बाबूलाल ने रेलवे स्टेशन पर हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर निर्माण कार्य में पीला ईट व चंबल सेंड की जगह डष्ट का प्रयोग होता पाया गया, घटिया सामग्री का प्रयोग देख विधायक विधायक के तेवर सख्त हो गए । विधायक पूर्व में भी रेलवे डीआरएम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा चुके हैं । जिसकी रेलवे अधिकारी जांच कर रहे हैं ।

### स्टेशन पर हैं कई कमियां

फतेहपुर सीकरी विधायक बाबूलाल ने सीकरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, जिसमें मौके पर पीली ईंट व चंबल सेंड की जगह डस्ट का प्रयोग होता हुआ पाया गया, जिससे विधायक के तेवर बदल गए, विधायक ने आरोप लगाए कि फतेहपुर सीकरी स्टेशन पर काउंटर पर यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था नहीं है।

### वेटिंग हॉल में दयनीय हालत

आरक्षण के कार्यालय होम में भी यात्रियों के लिए बैठने की सुविधा नहीं है, प्लेटफार्म नंबर 1 पर नए ग्रेनाइट लगाने की मांग की साथ ही वेटिंग हॉल दयनीय व्यवस्था देख नाराजगी प्रकृत की, प्लेटफार्म नंबर एक पर ग्रेनाइट जो लगा है यात्रियों में आने-जाने के दौरान फिसल कर गिर जाते हैं एवं यात्रियों के लिए बने शौचालय में तारे लगे देख विधायक

# पूर्व ग्राम प्रधान ने की तालाब की जमीन पर कब्जे की शिकायत

दर्पण व्यू संवाद

**बरहन ।** तालाब श्मशान घाट की जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर ग्राम पंचायत बरहन के पूर्व प्रधान अनिल कुमार वर्मा द्वारा नोडल अधिकारी बृजेश नारायण सिंह को एक शिकायती पत्र सौंपा गया । शिकायती पत्र में पूर्व प्रधान द्वारा कहा गया है के ग्राम पंचायत बरहन में ग्रामीणों द्वारा तालाब, शमशान घाट की जमीनों पर लगातार कब्जा किया जा रहा है। शिकायत करने की बावजूद भी कब्जा करने वाले ग्रामीण रुक नहीं रहे हैं। नोडल अधिकारी बृजेश नारायण सिंह द्वारा जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

आंवलखेड़ा पहुचे नोडल अधिकारी ब्रजेश नारायण को काफी शिकायतों का अम्बार मिला, नगला लोधा, में अभी तक ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन नहीं डाले जाने और घड़ी रामवक्स के आंशिक आबादी में पानी नहीं पहुचे की शिकायत को उन्होंने गंभीरता से नहीं लिया। वहीँ घड़ी फौजी निवासी राकेश कुमार ने तालाब की सफाई नहीं होने की शिकायत की, तभी ब्रजेश नारायण ने गाँव में भ्रमण कर हालत जानने की कोशिश की तभी उन्हें एक अधिकारी ने रोकर भ्रमित कर रोक दिया।

# थाना प्रभारी अछनेरा लाइन हाजिर, अब होंगे देवेन्द्र कुमार

## पुलिस आयुक्त ने थाना प्रभारी निरीक्षकों के किए फेरबदल

दर्पण व्यू संवाद




**अछनेरा।** पुलिस कमिश्नरेट आगरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अछनेरा थाना प्रभारी विनोद मिश्र को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है।

उनकी जगह पर अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक देवेंद्र कुमार द्विवेदी को नया थाना प्रभारी अछनेरा नियुक्त किया गया है।

पुलिस आयुक्त आगरा दीपक कुमार की अध्यक्षता में 25 मई 2025 को सम्पन्न हुई स्थानांतरण बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया। जिसका आदेश 26 मई को जारी किया गया। नए प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार द्विवेदी जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगे। स्थानीय क्षेत्र में इस फेरबदल को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

वहीं, पुलिस विभाग का कहना है कि यह एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत किया गया स्थानांतरण है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**फतेहाबाद (दर्पण व्यू)।** आगरा से सौरिख जाते समय ईको कार का टायर फटने हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर को आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के किलोमीटर मीटर 26.500 आगरा से सौरिख जाते ईको कार का टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई थी, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। जहां घायल अमित (26) पुत्र विनोद निवासी लांधीकला थाना नगला सिंघी फिरोजाबाद ने एसएन में दम तोड़ दिया। --

## मानसून पूर्व की बारिश ने किया सराबोर

**बाह ( दर्पण व्यू )।** मानसून से पहले सुबह तड़के बाह जैतपुर क्षेत्र में जम कर बारिश हुई। तेज हवा के साथ हुई बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई। मौसम भी सुहावना हो गया। गांव की गलियों में कीचड़ दलदल के हालात जरूर मुसीबत पैदा करने वाले रहे। नौतपा के दूसरे दिन दोपहर में सूरज के तल्ख तेवर देखने को मिले। गर्मी और उमस से गांव कस्बों के लोग बेहाल रहे। इधर बारिश के दौरान बाह के नरहौली गांव में जामुन के पेड़ के नीचे बंधी शारदा देवी की भैंस पर बिजली गिरी। तेज आवाज के साथ गिरी बिजली पर परिजन बाहर आए तो उनकी आंखों के सामने ही भैंस छटपटा कर मर गई।

## आईटीआई के 42 छात्रों को मिले टेबलेट


**बाह ( दर्पण व्यू )।** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत रुदमुली की रूरल आईटीआई में पढ़ने वाले 42 छात्रों को टेबलेट का वितरण किया गया। टेबलेट पाकर छात्र बोले कि डिजिटल शिक्षा में मदद मिलेगी। प्रो. ब्रजेश सिंह कुशवाह, प्रो. सीमा भदौरिया ने रूरल आईटीआई के दो छात्रों विपिन शर्मा, पवन शर्मा का पुलिस सेवा में चयन होने पर पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान जोगेन्द्र सिंह चौहान, सूबेदार सिंह, जगवीर सिंह, कुलदीप सिंह, रामवीर सिंह, प्राचार्य सुनील भदौरिया, मुनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ



**अछनेरा ( दर्पण व्यू )।** कस्बा अछनेरा में कचौरा रोड स्थित कृष्णा मैरिज होम कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का प्रारंभ हुआ। आचार्य राकेश कृष्ण शास्त्री ने बताया सर्व समाज द्वारा कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का प्रारंभ हुआ है, सभी कस्बा एवं ग्राम वासियों से अनुरोध है ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर भागवत कथा का आनंद लें। भागवत कथा 25 मई से लेकर एक जून दिन रविवार तक भागवत कथा का व्यास जी के मुख से बखान किया जाएगा।

## दावत में युवक का डंडे से सिर फोड़ा



**जैतपुर दर्पण व्यू संवाद।** जैतपुर में दावत में लात मारने के विरोध पर कचौरा रोड के रहने वाले रोहित का डंडे से सिर फोड़ दिया। पुलिस ने घायल का मेडीकल कराया है। जैतपुर के कचौरा रोड के रहने वाले रोहित ने पुलिस को बताया कि रात को टंकी के पास वाले मैरिज होम में दावत खा रहा था। इसी दौरान रंगबाजी में एक युवक ने लात मार दी। विरोध करने पर विवाद हुआ था। दावत के बाद घर लौट रहा था। कचौरा रोड पर घात लगाए बैठे दो युवकों ने पीछे से डंडों से हमला बोल दिया। डंडे से सिर फटने सड़क पर गिर गया। चीख पुकार पर पहुंचे राहगीरों ने उसकी जान बचाई। जैतपुर पुलिस ने घायल रोहित का मेडीकल कराया है। थाना प्रभारी जैतपुर ने बताया घायल का मेडिकल कराया गया है। पीड़ित की तहरीर और मेडिकल की रिपोर्ट के अधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बाह-जैतपुर के 10 गांवों में बिजली नहीं हुई बहाल



**जैतपुर ( दर्पण व्यू )।** बुधवार रात आंधी के चलते बाह, जैतपुर क्षेत्र के 150 गांवों की बिजली आपूर्ति ध्वस्त हो गई थी, 100 बिजली के खम्भे गिरे थे, 8 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए थे। 120 गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल हुई थी।

सोमवार को बिजली विभाग की टीमें जरार-बिचोला नलकूप, जरार-बिचोला ग्रामीण, नौगवां-पारना की क्षतिग्रस्त लाइनों को दुरुस्त करने में बिजली विभाग की टीमें जुटी हुई थी। सोमवार को बिचोला, पारना, नीम डाडा, तरासों, नगला सुरई, पुरा चतुर्भुज, पुरा रघुवर आदि 10 गांव लगातार चौथे दिन अंधेरे में रहे। बिजली आपूर्ति ठप होने की बजह से ग्रामीण मोबाइल फोन तक चार्ज नहीं कर पा रहे हैं।

गेंहू पिसाने के लिए जैतपुर, चित्राहाट, जरार आदि कस्बों तक की दौड़ लगाने को मजबूर हैं। जबकि पीने के पानी के लिए दिन रात हैंडपंप पर जूझ रहे हैं। ग्रामीण प्यास बुझाने के लिए जनरेटर से सबमर्सिबल चलवा कर पानी भरने को मजबूर हैं। एसडीओ बाह, जैतपुर विनोद कुमार ने बताया कि अधिकांश गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है।

# जरार केन्द्र पर जिले में गेहूं की रिकॉर्ड खरीद

दर्पण व्यू संवाद



**जैतपुर।** जिले में खाद्य विभाग की विपणन शाखा जरार ने गेहूं खरीद का रिकॉर्ड बनाया है। 5000 क्विंटल के लक्ष्य से कहीं ज्यादा 6039 क्विंटल की अब तक खरीद हुई है। जरार गोदाम पर मिले किसान सुरेन्द्र सिंह, पुरषोत्तम सिंह ने बताया कि उन्हें 48 घंटे के भीतर भुगतान मिल गया है। भुगतान की कोई समस्या नहीं है। निरीक्षण को पहुंचे जिला खाद्य विपणन अधिकारी नंदकिशोर ने जिले में खरीद का रिकॉर्ड बनाने पर केन्द्र संचालक उमेश कुमार की पीठ थपथपाई। पीसीएफ के जगनेर केन्द्र 5189.5 क्विंटल खरीद के साथ जिले में दूसरे तथा पिनाहट केन्द्र 4468 क्विंटल खरीद के साथ जिले में तीसरे स्थान पर है। कुर्रा चित्तरपुर के केन्द्र पर अभी तक गेहूं की खरीद शुरू नहीं हो सकी है। बाह तहसील के विपणन शाखा के जैतपुर गोदाम पर 3167 क्विंटल, पिनाहट गोदाम पर 3022 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है। पीसीएफ के सूरजनगर गोदाम पर 3502 क्विंटल, चमरौआ गोदाम पर 3154 क्विंटल, लखनपुरा गोदाम पर 1891 क्विंटल, राटौटी गोदाम पर 1881 क्विंटल, करनपुरा गोदाम पर 805 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है।

# महिलाओं की पिटाई का वीडियो वायरल



**बाह ( दर्पण व्यू )।** विष्णुपुरा गांव में गाली गलौज का विरोध करने पर ननद भाभी को लात घूसों और लाठी डंडों से पीटा गया। पिटाई का वीडियो वायरल हुआ है।

पिटाई में घायल हुई एक महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। विष्णुपुरा की राखी ने पुलिस को बताया कि वह घर के दरवाजे पर ननद सजनी आदि के साथ बैठी थी। तभी घर के सामने गांव के ही रामस्वरूप के बेटे मुकेश, संजय, सुल्तान, मुकेश के बेटे रामभोला गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर पहले लात घूसों से फिर लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार पर बचाने के लिए बस्ती के लोग आए तो जान से मारने की धमकी देकर चले गये। गंभीर रूप से घायल हुई संजना को पहले एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा ले गये, अब फिरोजाबाद के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक बाह सुरेश चन्द ने बताया कि राखी की तहरीर पर 4 के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# फरैरा, बटेश्वर से बाइकें चोरी

**बाह ( दर्पण व्यू )।** फरैरा में दुकान के सामने खड़ी बाइक और बटेश्वर में मंदिर के बाहर खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। फरैरा के बंटू राठौर ने पुलिस को बताया कि गांव के तिराहे पर उसकी दुकान है। 20 मई को दुकान के बाहर बाइक खड़ी थी। जिसकी चोरी हो गई है। खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लगा है। शमशाबाद के कुतकपुर गांव के देवेन्द्र ने पुलिस को बताया कि पचमुखी महादेव मंदिर के पास बाइक खड़ी कर दर्शन पूजन के लिए गया था। वापस लौटा तो बाइक नहीं मिली। तलाशने पर पता नहीं लग सका है। प्रभारी निरीक्षक बाह सुरेश चन्द ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों ही मामलों में अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पीडीए चौपालः सरकार का रोजी रोटी पर नहीं हैं ध्यान

दर्पण व्यू संवाद

**बाह।** समाजवादी शिक्षक सभा की बाह में आयोजित पीडीए चौपाल में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. निर्भय सिंह गुर्जर ने कहा कि सरकार का रोजी रोटी रोजगार पर ध्यान नहीं है, हिंदू मुस्लिम, मंदिर मस्जिद करने में लगी हुई है। बेरोजगारी बढ़ रही है। शिक्षक समस्याओं के समाधान में भी सरकार उदासीन है। पिछली अखिलेश सरकार के कार्यकाल को लोग याद कर रहे हैं। इस दौरान श्रीनिवास यादव, पुष्पेंद्र सारस्वत, इंद्रपाल सिंह, ओमकार, निखिल कुमार, फरहत खान, शाहिद आलम, धर्मवीर गुर्जर, दिनेश यादव आदि ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता प्रवीण चौधरी ने तथा संचालन मनोज तिवारी ने किया।



# धर्म, शिक्षा एवं संस्कृति की रक्षक थी अहिल्याबाई होल्कर



दर्पण व्यू संवाद

बाह। लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती बटेश्वर के अटल संकुल भवन में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ भाजपाइयों ने मनाई। उनके चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि के बाद समारोह में बाह की विधायक पक्षालिका सिंह और जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया ने कहा कि लोक माता अहिल्याबाई होल्कर धर्म, शिक्षा एवं संस्कृति की रक्षक थी।

उन्होंने मंदिर, घाट और धर्मशालाएं बनवा कर भारत की प्राचीन संस्कृति की रक्षा की। नारी सशक्तिकरण की मिसाल थी। उनका जीवन दर्शन समाज के लिए आज भी प्रेरणा का पुंज है। समारोह में किसान मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य डॉ. रामकैलाश यादव, भाजपा के जिलामंत्री मानवेन्द्र सिंह राठौड, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह वर्मा, बाह के संयोजक अवनीश बघेल, ब्लॉक प्रमुख लाल सिंह चौहान, सत्यवीर सिंह, विनोद सिंह प्रधान, महेश कठेरिया, भाव सिंह नरवरिया, सहवीर दिवाकर, मंडल अध्यक्ष रामवरन कुशवाह, रविन्द्र भदौरिया, सतीश परिहार, निखिल गुप्ता, शिव कुमार शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता दयाशंकर बघेल ने तथा संचालन श्याम शर्मा ने किया।

# स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ



दर्पण व्यू संवाद

**अछनेरा।** गांव रायभा में कठवारी मार्ग स्थित एक स्थानीय स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में गांव और आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया और मुफ्त दवाइयों का लाभ उठाया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की एक टीम मौजूद थी, जिसने ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों, दांतों और सामान्य रोगों की जांच की। जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही आवश्यक इलाज उपलब्ध कराया गया।

वहीं, गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों को आगे की विस्तृत जांच और उपचार के लिए बड़े अस्पतालों में रेफर किया गया, जिससे उन्हें समय पर सही चिकित्सा मिल सके।

# नोडल अधिकारी ने किया हर घर जल योजना का निरीक्षण

## औपचारिकता पूरी कर लौटे, नहीं किया गांव का भ्रमण

दर्पण व्यू संवाद



**बरहन ।** बरहन क्षेत्र के आंवलखेड़ा में शासन की परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन को भेजे गए नोडल अधिकारी बृजेश नारायण ने निरीक्षण किया। ग्रामीणों से संवाद में उन्हें खामियां मिली, जिनके निदान के लिए अधिकारियों को आदेश दिया। ओवर हेड के पास ही मीटिंग कर वह गणतंव्य को वापस लौट गए।

### टीम के साथ पहुंचे थे अधिकारी

नोडल अधिकारी ब्रजेश नारायण टीम के साथ गांव आंवलखेड़ा पहुंचेञ जहां प्रधान रविंद्र चौहान ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया, उसके बाद ब्रजेश नारायण ने अधिकारियों से हर घर जल परियोजना की जानकारी हासिल की।

### घरों में नहीं पहुंच रहा पानी

ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि ओवरहेड टैंक से घर-घर तक पानी नहीं पहुंच रहा था। पानी की लीकेज है कई जगह टोंटी तक नहीं हैं लोगों से मुख्य लाइन से पाइप लगाकर पानी भरने की व्यबस्था की हैं ।

### ग्रामीणों ने अधिकारियों से की थी शिकायत

ग्रामीणों द्वारा पानी न मिलने की शिकायत की गई थी। नोडल अधिकारी ने दुरस्त करने के लिए ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया है। नाराजगी जताते हुए उन्होंने विभागीय इंजिनियर को भी फटकार लगाई।

### बसपा सरकार में कराया था निर्माण

ओवर हेड टेंक का निर्माण 2011 में बसपा सरकार में कराया गया था। ग्राम प्रधान रविंद्र सिंह अधिकारियो को अवगत कराते हुए बताया कि विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं मिल पाने के कारण पर्याप्त पानी का भंडारण नहीं हो पाता है। वहीं मोटर ठीक से नहीं चल पा रही है। मोटर में खराबी है नोडल अधिकारी द्वारा मोटर चेंज करने के लिए आदेशित किया गया है।

### अधिकारी ने कहा, की जाएगी कार्यवाही

वहीं नोडल अधिकारी द्वारा कहा गया के जिन ग्रामीणों द्वारा नल की टोंटी तोड़ी गई है। या लाइन का पानी लोगों द्वारा अपने खेत में खोल दिया है। उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में जुबेर वेद एडीएम नमामि गंगे, अमित कटिहार ईई, दीपक चौहान ईई, कमल भारद्वाज एई, रोहित कुमार टीपीआई , आनंद सिं,ह पंकज यादव शामिल रहे।

# छह गांवों के लोग लाठियां लेकर पहरा दे रहे, दहशत में 20 हजार जिंदगियां

**वाराणसी के चिरईगांव गौराकला इलाके में बीते चार दिनों से पुलिस और वन विभाग की कॉम्बिंग जारी है। तेंदुए की खोजबीन जारी है। इसके पहले उसने तीन लोगों को घायल किया था। सोमवार की सुबह भी टीम तैनात रही।**

दर्पण व्यू डेस्क

**वाराणसी।** चिरईगांव गौराकला इलाके की कामाख्या नगर कॉलोनी के पास दिखे तेंदुआ का तीसरे दिन रविवार को भी पता नहीं लगा। इस बीच वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम की तेंदुआ की तलाश में कॉम्बिंग जारी है। सोमवार की सुबह भी गांव में टीम तैनात रही।

वहीं, तेंदुआ द्वारा इलाके के तीन युवकों पर हमला करने के कारण गौराकला, चिरईगांव, रुस्तमपुर, बरियासनपुर, सीवो और संदहा समेत छह गांवों में ज्यादा दहशत है। ग्रामीण रात भर लाठी-डंडा लेकर पहरा दे रहे हैं। साथ ही, रात में रह-रह कर पटाखे फोड़ते रहते हैं।

## दिन से रात तक कॉम्बिंग

गौराकला के ग्राम प्रधान राजेश उर्फ राजू ने कहा कि शुक्रवार को कामाख्या नगर कॉलोनी के पास बगीचे में तेंदुआ था। मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची थी, लेकिन संसाधन विहीन थी। ड्रोन कैमरे की व्यवस्था हमने की, लेकिन उसका लाभ वन विभाग की टीम नहीं उठा पाई।

दोपहर में पिजड़ा बगीचे में रखा गया। कुछ देर बाद पिजड़ा में मांस रखने की बात आई तो हमने दो मुर्गा की व्यवस्था की। दिन भर वन विभाग की टीम रणनीति ही बनाती रही और शाम होते होते तेंदुआ भाग निकला। क्षेत्र के लोग शाम होते ही भयभीत हो जाते हैं और दिन में खेत-बगीचा की ओर निकलने में भी डरते हैं।

चिरईगांव के पूर्व प्रधान धनंजय मौर्य ने कहा कि आखिरकार इलाके के ग्रामीण कब तक डर कर दिन-रात गुजारेंगे।

जिला प्रशासन को ग्रामीणों की समस्या और उनके डर के बारे में विचार कर गंभीरता से उपाय करना चाहिए। ताकि, ग्रामीणों की दिनचर्या पहले जैसे सामान्य हो सके। इलाके के सरस सोनकर, मनीष, पीयूष, साहिल गुड्डू और मीरा ने बताया कि तेंदुआ के हमले के डर के कारण हम लोग रोजमर्रा का अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। डर लगा रहता है कि न जाने तेंदुआ कब किधर से आ जाए और हमला कर दे। ग्रामीणों के अनुसार बृहस्पतिवार की रात सीवों गाव में एक मवेशी को तेंदुए ने निशाना बनाया था।

### इनकी भी सुनें

डीएफओ स्वाती सिंह ने बताया कि शनिवार को तेंदुआ के जो पद चिह्न मिले हैं, उससे पूरी संभावना है कि वह इस इलाके से बाहर चला गया है। इसके बावजूद वन विभाग की टीम इलाके में लगातार कॉम्बिंग कर रही है।





## अधिकारियों पर मधुमक्खियों का हमला सीडीओ बेहोश

**ललितपुर।** मधुमक्खियों के हमले में सीडीओ कमलाकांत पांडेय बेहोश हो गए। वहीं, विशेष सचिव सुनील कुमार वर्मा, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित 9 अधिकारी और कर्मचारी जख्मी हो गए। देवगढ़ में निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों को मधुमक्खियों ने हजारों डंक मारे। इससे सीडीओ कमलाकांत पांडेय बेहोश हो गए। वहीं, विशेष सचिव सुनील कुमार वर्मा, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित 9 अधिकारी और कर्मचारी जख्मी हो गए। वन विभाग की टीम और ग्रामीणों की मदद से सभी को मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर एडीएम को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। वन विभाग के अनुसार इत्र की खुशबू से मधुमक्खियां भड़क गईं और उन्होंने हमला कर दिया। शासन की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारी विशेष सचिव (रेशम विकास) सुनील वर्मा योजनाओं के निरीक्षण के लिए शनिवार को आए थे। बीते दिन अधिकारियों के साथ देवगढ़ क्षेत्र पहुंचे। यहां सभी बौद्ध गुफाओं को देखने के लिए पहाड़ी से नीचे उतर रहे थे। तभी वहां लगे छत्तों में रहने वाली मधुमक्खियां भड़क गईं। उन्होंने अधिकारियों पर हमला शुरू कर दिया। इस दौरान सभी अधिकारी तो बाहर निकल आए, लेकिन सीडीओ मधुमक्खियों के हमले से बेहोश हो गए। उन्हें किसी तरह चारपाई पर लिटाकर बाहर निकाला गया।

# जौनपुर में तिहरा हत्याकांड बाप और दो बेटों का मर्डर

**जौनपुर में रॉड और हथौड़े से मारकर पिता और उसके दो बेटों की हत्या कर दी गई। परिजनों के पहुंचने से पहले ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इसको लेकर परिजनों ने हाइवे पर चक्काजाम कर दिया।**

दर्पण व्यू डेस्क

**जौनपुर।** जिले में तीन हत्याओं से सनसनी फैल गई। पिता और दो बेटों की देर रात वर्कशॉप में ही हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी सुबह तब हुई, जब घर का ही एक शख्स नाश्ता लेकर वहां पहुंचा। वर्कशॉप में तीन लोगों की लाश पड़ी थी। सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स पहुंच गई और परिजनों के आने से पहले शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस पर परिजन भड़क गए और चक्काजाम कर दिया।

जौनपुर के जफराबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कांध निवासी लालजी का कचगांव अंडरपास के पास चूड़ी पेरने का वर्कशॉप है। रविवार की रात लालजी (50) अपने दो बेटों यादवीर (32) और गुड्डू (25) के साथ वर्कशॉप पर ही काम के चक्कर में रुक गए। रात हो जाने के कारण दोनों बेटों के साथ लालजी दुकान में ही आराम करने लगे। परिवार वालों को लगा कि काम ज्यादा होगा, इसलिए वर्कशॉप में वे लोग रुक गए होंगे।



सुबह एक रिश्तेदार नाश्ता लेकर लगाने के लिए वर्कशॉप पहुंचा तो देखा की कमरे में चारों तरफ खून बिखरा है। पिता सहित दोनों बेटों की लाश पड़ी हुई थी।

### परिजनों में मचा कोहराम

देखने से प्रतीत हो रहा था कि जैसे रॉड और सरिया से उसके सिर पर मारा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस फोर्स ने परिवार वालों के आने से पहले ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। चंद मिनट में परिजन भी पहुंच गए। शव को मौके पर न देख परिवार वालों ने विरोध शुरू कर दिया। बाईपास पर जाकर चक्काजाम करने लगे। काफी समझाने के बाद परिवार वाले पोस्टमार्टम हाउस चले गए। घटना स्थल पर फिलहाल अभी काफी मात्रा में पुलिस फोर्स मौजूद रही।

### कहां गया सीसीटीवी डीवीआर

मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल की गहनता से जांच कराई। वर्कशॉप में हथौड़ा भी मिला है। इसके साथ ही सीसीटीवी डीवीआर गायब था। एसपी ने आशंका जताई है कि हत्या किसी परिचित द्वारा ही किया गया है, क्योंकि डीवीआर आलमारी का ताला खोलकर निकाली गई है। हत्या का पदार्फाश करने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। परिवार से भी पूछताछ की जा रही है। शक के दायरे में जिस किसी का भी नाम सामने आएगा उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी।

## गाजियाबाद में वांटेड को पकड़ने गई पुलिस टीम पर किया हमला

दर्पण व्यू डेस्क

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में वांटेड आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर हमले का मामला सामने आया है। हमले के दौरान भीड़ ने पुलिस टीम पर पत्थरबाजी और गोलीबारी की गई। इस दौरान गोली लगने से एक कांस्टेबल घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, मसूरी थाने के नाहल गांव में वांछित कादिर को पकड़ने गई नोएडा और मसूरी पुलिस की टीम पर ग्रामीणों ने पथराव और फायरिंग कर दी। गौतमबुद्धनगर के थाना फेस-3 में तैनात एक सिपाही सौरभ देशवाल को गोली लग गई।

पुलिस टीम उसे यशोदा अस्पताल लेकर पहुंची, यहां सिपाही को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सौरभ के सिर में बदमाशों की गोली लगी थी, मूल रूप से शामली निवासी सौरभ की मौत की सूचना पर नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह गाजियाबाद पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

### भीड़ ने पत्थरबाजी और फायरिंग की कांस्टेबल की मौत

बता दें कि रविवार की देर शाम नोएडा की क्राइम ब्रांच और फेस तृतीय थाना पुलिस मसूरी के नहाल गांव में बदमाश कादिर उर्फ मंटर को पकड़ने के लिए दबिश दी थी। टीम ने कादिर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया था। इसी बीच कादिर के साथियों और परिजनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग और पथराव कर दिया। फायरिंग में सिपाही सौरभ देशवाल सिर में गोली लग गई। घायल को आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने बताया कि वांछित अभियुक्त कादिर नाहल का रहने वाला है, उसकी गिरफ्तारी के लिए नोएडा पुलिस रविवार रात 12 बजे मसूरी पुलिस टीम के साथ नाहल गांव में आई थी, उसी दौरान ये घटना हुई है। वहीं, भाग रहे कादिर को पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया है।

## अहिल्याबाई होलकर की प्रेरणा से जनकल्याण के लिए कार्यरत भाजपा सरकारः बेबी रानी मौर्य



दर्पण व्यू डेस्क

**आगरा।** फतेहाबाद रोड के त्रिवेणी गार्डन में रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति वर्ष अभियान के तहत गोष्ठी आयोजित हुई। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य और भाजपा फिरोजाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम शुरू किया। प्रदीप चौहान ने कहा कि अहिल्याबाई ने विषम परिस्थितियों में शासन संभाला और न्यायप्रियता, दूरदृष्टि व धर्मनिष्ठा से लोककल्याणकारी कार्य किए। उनके द्वारा शिव मंदिरों का जीर्णोद्धार और समाज के लिए योजनाएं आज भी प्रासंगिक हैं। बेबी रानी मौर्य ने बताया कि भाजपा सरकार अहिल्याबाई के आदर्शों को अपनाकर जनकल्याण और समाज के हर वर्ग को सम्मान दे रही है। आगरा में शाहजहां गार्डन का नाम जल्द ही अहिल्याबाई होलकर उद्यान होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री शिवकुमार ने किया। इस अवसर पर यशपाल राणा, अभिनव मौर्या, ब्लॉक प्रमुख उत्तम सिंह, राजू प्रधान, सोनू दिवाकर, मंडल अध्यक्ष हरिमोहन कुशवाह, विजय सिंह, पदम सिंह, अजय चाहर, फौरन सिंह राठौड़, राकेश बघेल, अन्नू बघेल, धर्मेंद्र उपाध्याय, डॉ. लाल सिंह, देवेंद्र चाहर, प्रकाश राजपूत, अनुपम चौहान, सरोज चाहर, सत्यप्रकाश लोधी, मानवेंद्र तोमर, चंद्रपाल राणा सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय नेता उपस्थित रहे।

# 139 उच्चीकृत केजीबीवी को नए भवनों की सौगात

दर्पण व्यू डेस्क

**लखनऊ।** यूपी के 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को नए भवन एवं अतिरिक्त डॉरमेट्री की सौगात मिली। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि यूपी बीमारू राज्य के धब्बे से निकलकर आज विकासशील बना है।

राजधानी लखनऊ में सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों एवं अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण किया। 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास भी किया। साथ ही ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा 12 सौ रुपये बच्चों के माता-पिता या अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

## ब्रजेश पाठक बोले- बीमारू राज्य के धब्बे से विकासशील बना यूपी

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव बेसिक माध्यमिक दीपक कुमार, सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी, महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**विकासकलित राज्य बना यूपी-ब्रजेश पाठक-** इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि 2017 में भाजपा सरकार बनी। यूपी बीमारू राज्य के धब्बे से निकालकर विकासकलित राज्य बना है। पानी, बिजली, सड़क, अस्पताल, कानून व्यवस्था की देश भर में चर्चा है। अब टूटी सड़क नहीं मिलती है। लोग बाहर जाते हैं तो उनको सम्मान मिलता है। पहले लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूल भेजना नहीं चाहते थे। मांटेसरी में ही भेजना बेहतर समझते थे। पहले स्कूलों में 8-10 बच्चे ही होते थे। शिक्षक नियमित नहीं जाते थे।




सरकारी स्कूलों में पहले 1.12 करोड़ बच्चे थे, अब 1.90 करोड़ बच्चे हैं। पहले ड्रेस खाकी मिलती थी। सिंडिकेट मिडडे मील खाता था। आज बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल रहा है। केजीबीवी में आवासीय सुविधा के साथ शिक्षा दे रहे हैं। छात्राए हर क्षेत्र में बेहतर कर रही हैं। सीएम मॉडल कंपोजिट स्कूल में 1 से 12वीं तक की पढ़ाई होगी। विभाग ने अद्भुत प्रगति की है। देश, प्रदेश को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है। हम आर्थिक क्षेत्र में चौथे स्थान पर आ गए हैं। पहले 11वें स्थान पर थे। जल्द ही विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंचेगे। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों को मारा। उनके अड्डे को नष्ट किया। क्या पहले यह संभव था। मुंबई की घटना याद है। पीएम मोदी के नेतृत्व में घर में घुसकर मारने वाले हैं। भारत माता का झंडा लहराएंगे। रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन रहे हैं। यूपी भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। गेहूं, चीनी उत्पादन में नंबर एक है। अब शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नंबर बनेंगे। पहले बिजली कभी-कभी आती थी। आज पर्याप्त बिजली मिल रही है।

### यह सिर्फ कार्यक्रम नहीं बल्कि शिक्षा की क्रांति का पर्व हैः संदीप सिंह

कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि आज जो डीबीटी हस्तांतरण, अन्य योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का कार्यक्रम है। यह सिर्फ कार्यक्रम नहीं बल्कि शिक्षा की क्रांति का पर्व है। बीते आठ साल में जो काम हुए हैं वह भविष्य निर्माण की एक योजना है।

# पूर्व प्रधान और बेटे को फावड़े से काट डाला

**सड़क किनारे मचे कत्लेआम को देखते रहे ग्रामीण, कोई बचाने न आया**

दर्पण व्यू डेस्क

**फिरोजाबाद।** जिले में जमीन के विवाद में पूर्व प्रधान और उनके बेटे की फावड़े प्रहार कर हत्या कर दी गई। दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। गांव में तनाव है, पुलिस फोर्स तैनात की गई है। पुलिस जांच में जुटी है।

फिरोजाबाद के टूंडला में जमीन विवाद को लेकर पूर्व प्रधान और उनके बेटे की दिन दहाड़े गांव के ही लोगों ने फावड़ा से प्रहार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।



पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भिजवा दिया।

दोहरे हत्याकांड की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

पिता-पुत्र की हत्या से गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात कर दी है। मृतक पूर्व प्रधान इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक धर्मेंद्र यादव के चाचा थे।

### गांव के ही हुब्बलाल यादव से था जमीन विवाद

थाना नगला सिंघी के गांव टीकरी निवासी पूर्व प्रधान अरविंद यादव (55) का गांव के ही हुब्बलाल यादव से जमीन विवाद चला आ रहा है। इसको लेकर मामला तहसील न्यायालय में चल रहा था। 20 मई को एसडीएम अनुराधा सिंह के आदेश पर तहसीलदार राखी शर्मा ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर जमीन की नापतौल की थी।

# ऑपरेशन सिंदूर ने खोली पाकिस्तान और आतंकवाद के गठजोड़ की पोलः अमित शाह

दर्पण व्यू डेस्क

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जब बीएसएफ के 18वें अलंकरण समारोह और प्रतिष्ठित रुस्तमजी मेमोरियल लेक्चर में आए तो वह दृश्य केवल एक समारोह नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा चेतना का उद्घोष बन गया। यह कोई साधारण उपस्थिति नहीं थी। यह उस दूरदर्शी रणनीतिकार का आगमन था जो नीतियों को केवल भाषणों तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें रणनीतिक अस्त्रों में परिवर्तित करता है। भारत के सुरक्षा-शिल्पकार, लौह-संकल्प के धनी अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया कि भारत अब प्रतिक्रिया नहीं बल्कि प्रतिकार करता है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि,



जिन आतंकियों के जनाजे पर पाक सेना के अफसर कंधा दे रहे हैं, वही इस बात का सबसे बड़ा सबूत है कि पाक अब आतंक का समर्थक नहीं, संरक्षक है। ऑपरेशन सिंदूर से यह बात उजागर हुई है कि पाकिस्तान और आतंकवाद के बीच गठजोड़ है। कई दशकों से देश पाक समर्थित आतंक का सामना कर रहा है। पाक ने कई घटनाएँ की, लेकिन इसका उचित जवाब नहीं दिया गया। 2014 में मोदी जी पीएम बने, जिसके बाद आतंकवाद को मुँहतोड़ जवाब मिला। उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा के बाद एयर स्ट्राइक और अब पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर। यह सब उस बदलते भारत की गवाही देते हैं, जो अब संकल्प के साथ कार्रवाई करता है। 8 मई को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया गया और 9 आतंकी अड्डों को नष्ट किया गया, जिसमें सिर्फ आतंकी कैंपों को ध्वस्त किया। ऑपरेशन सिंदूर मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों से सटीक जानकारी और सेना की मारक क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन था।

# आज पंजाब किंग्स के सामने मुंबई इंडियंस की कठिन चुनौती




दर्पण व्यू डेस्क

**जयपुर।** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस सोमवार को आईपीएल 2025 के अपने अंतिम लीग चरण के मुकाबले में जब एक-दूसरे का सामना करेंगे, तो शीर्ष दो में जगह बनाने की कोशिश में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। पंजाब किंग्स 17 अंकों के साथ तालिका में अभी दूसरे स्थान पर है, लेकिन मुंबई से हारने पर वह तीसरे या चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी। इससे टीम को 30 मई को एलिमिनेटर के लिए तैयार होना पड़ेगा। पंजाब किंग्स को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद अब शीर्ष दो में आने के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट प्लेऑफ में क्वॉलिफाई करने वाली टीमों में सबसे बेहतर है।

टीम अगर पंजाब किंग्स को हराने में सफल रही, तो यह उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। सवाई मान सिंह स्टेडियम की छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियां इस मैच को बड़े स्कोर वाला मुकाबला बनाने का संकेत देते हैं। इसमें दोनों टीमों की गेंदबाजी योजनाओं की परीक्षा होगी।

## हर साल एक नई चुनौती, संन्यास पर धोनी ने तोड़ी चुप्पी




दर्पण व्यू डेस्क

अहमदाबाद । 43 साल के धोनी को लेकर कहा जा रहा था कि यह आईपीएल करियर का उनका आखिरी मैच है, लेकिन रविवार को टॉस के बाद जब उनसे इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वह आईपीएल से रिटायरमेंट लेने वाले हैं। टॉस के बाद रवि शास्त्री ने उनसे आईपीएल फ्यूचर को लेकर पूछा, तो धोनी ने कहा, यह मेरा शरीर सर्वाइव कर रहा है।

हर साल एक नई चुनौती है। इसे बहुत रखरखाव की आवश्यकता है। जब मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहा था, तो मुझे पर्याप्त परेशानी नहीं हुई थी, सपोर्ट स्टाफ का शुक्रिया। धोनी के इस बयान से साफ हो गया कि वह अभी रिटायरमेंट की घोषणा नहीं कर रहे हैं।

# इंग्लैंड दौरे से होगी भारतीय टीम के नये डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरूआत

दर्पण व्यू डेस्क

मुम्बई। भारतीय टीम शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ अगले माह पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। ये सीरीज इसलिए भी अहम है क्योंकि इससे 2025-27 के विश्वटेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) चक्र की भी शुरूआत होगी। इस सीरीज में भारतीय टीम अनुभवी खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन के बिना उतरेगी क्योंकि इन तीनों ने ही संन्यास ले लिया है। इस दौरे से एक खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम सामने आयेगी। शुभमन की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज के बाद आगे भी भातरीय टीम को कई और मुकाबले खेलने हैं। डब्लयूटीसी के एक चक्र में किसी टीम को 6 सीरीज खेलनी होती हैं जिनमें 3 घरेलू और 3 विदेशी धरती पर खेली जाती हैं। भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट मैच खेलने हैं। इसके बाद नवंबर में दक्षिण अफ्रीकी टीम भी 2 टेस्ट मैच खेलने भारत दौरे पर आएगी। वहीं साल 2026 में भारतीय टीम केवल 4 टेस्ट मैच खेलेगी। अगस्त 2026 में भारतीय टीम 2 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड जाएगी, वहीं अक्टूबर 2026 में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड दौरे पर जाना है। भारतीय टीम को 2027 में होने वाले (डब्लयूटीसी) चक्र का अंतिम मुकाबला भी ऑस्ट्रेलिया से ही खेलना होगा। इसके लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत का दौरा करेगी।



### डब्ल्यूटीसी 2025-27 चक्र का कार्यक्रम

भारत और इंग्लैंड (विदेशी दौरा)- 5 टेस्ट- जून अगस्त 2025

भारत और वेस्टइंडीज (घरेलू)- 2 टेस्ट- अक्टूबर 2025

भारत और दक्षिण अफ्रीका (घरेलू)- 2 टेस्ट- दिसंबर 2025

भारत और श्रीलंका (विदेशी दौरा)- 2 टेस्ट, अगस्त 2026

भारत और न्यूजीलैंड (विदेशी दौरा)- 2 टेस्ट, अक्टूबर-दिसंबर 2026

भारत और ऑस्ट्रेलिया (घरेलू)- 5 टेस्ट- जनवरी-फरवरी 2027!

# कौन हैं कुश मैनी ? जिन्होंने फहराया भारत का परचम

दर्पण व्यू डेस्क

**नई दिल्ली।** भारतीय रेसर कुश मैनी ने इतिहास रच दिया है। दरअसल,कुश ने मोनाको ग्रां प्री जैसी दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण और प्रतिष्ठित रेस में पहली बार एक भारतीय ने जीत का परचम लहराया है। कुश मैनी ने फॉमूर्ला 2 की स्प्रिंट रेस में बेहतरीन ड्राइविंग करते हुए इतिहास रच दिया। शुरूआत से लेकर आखिरी लैप तक उन्होंने अपनी बढ़त बनाए रखी और जीत दर्ज की। ये पल सिर्फ उनके लिए नहीं बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का पल बना। कुश की ये जीत ये साबित करती है कि

## एफ2 रेस जीतने वाले बने पहले भारतीय




अब भारतीय रेसर्स भी इंटरनेशनल मोटरस्पोर्ट्स में अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

भारतीय रेसिंग ड्राइवर कुश मैनी ने मोटरस्पोर्ट की दुनिया में इतिहास रच दियाहै। 25 वर्षीय कुश ने मोनाको ग्रां प्री में फॉमूर्ला 2 स्प्रिंट रेस जीतकर एक कारनामा किया। वह इस प्रतिष्ठित रेस को जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। टीम के लिए रेस करते हुए उन्होंने शुरू से लेकर अंत तक बढ़त बनाए रखी और बेहतरीन अंदाज में जीत हासिल की। कुश की ये जीत न केवल उनके करियर की पहली एफ2 जीत है, बल्कि ये उनके लिए पहला पोडियम फिनिश भी है। उन्होंने पूरे 30 लैप तक मोनाको की संकरी और चुनौतीपूर्ण सड़कों पर बेहतरीन नियंत्रण दिखाया। एफ2 के नियमों के अनुसार, फीचर रेस के लिए कुश ने ढ10 पर क्वालीफाई किया था, जिसके चलते उन्हें शनिवार की स्प्रिंट रेस में रिवर्स ग्रिड के कारण पोजिशन मिली। कुश ने इस मौके का फायदा उठाया और पूरे आत्मविश्वास के साथ जीत दर्ज की। रेस के बाद उन्होंने कहा कि, ढ1 और मोनाको में जीतने वाला पहला भारतीय बनना बहुत बड़ा सम्मान है। ये सपना सच होने जैसा है। मैं अपनी टीम ऊ्अटर और सभी समर्थकों का दिल से धन्यवाद करता हूं।

### कौन हैं कुश मैनी?

कुश मैनी का रेसिंग करियर 2016 में इटालियन ऋ4 से शुरू हुआ था। वह ब्रिटिश ऋ3, ऋ3 एशिया और ऋक्रअ ऋ3 जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं। 2022 में उन्होंने ऋक्रअ ऋ3 में 13वां स्थान हासिल किया था और अब वह ऋ2 में अपने तीसरे सीजन में हैं। इसके अलावा वह इहळ अ'स्रल्ली ऋ1 टीम के रिजर्व ड्राइवर भी हैं। कुश के परिवार का भी मोटरस्पोर्ट से गहरा नाता है उनके भाई अर्जुन मैनी भी ऋ2 रेसर रह चुके हैं और उनके चाचा चेतन मैनी भारत की पहली इलेक्ट्रिक कार बनाने के लिए जाने जाते हैं।

# हाईस्कोरिंग मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने केकेआर को 110 रन से हराया

दर्पण व्यू डेस्क

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2025 के 68वें मुकाबले में 110 रनों से हराया। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 278 रन बनाए। इसके जवाब में केकेआर की टीम 18.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 168 रन ही बना सकी। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जारी सीजन में छठवीं जीत है। हैदराबाद की टीम ने पॉइंट्स टेबल में 13 अंक के साथ छठे स्थान पर अपना अभियान समाप्त किया। वहीं जारी सीजन में कोलकाता ने 12 अंक हासिल किए और आठवें स्थान पर रही।




279 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम को चौथे ओवर में पहला झटका लगा।

सुनील नरेन 16 गेंद में 31 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान अजिंक्य रहाणे 8 गेंद में 15 रन ही बना सके। क्विंटन डिकॉक 13 गेंद में 9 रन बनाकर आउट हुए। हर्ष दुबे ने रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल को पवेलियन का रास्ता दिखाया। रघुवंशी 18 गेंद में 14 रन बना सके। रमनदीप सिंह ने 5 गेंद में 13 रन बनाए। मनीष पांडे ने 23 गेंद में 37 रन बनाए। वैभव रन आउट हुए।

# माही ने लूटी महफिल, चेन्नई ने तोड़ा गिल का दिल

## गुजरात टाइटंस को घर में मिली हार, 83 रन से जीते सुपर किंग्स

दर्पण व्यू डेस्क

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के 67वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 83 रन से हराया। गुजरात टाइटंस यह मैच हारकर भी प्वाइंट्स टेबल के टॉप पर है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स यह मैच जीतकर भी 10वें स्थान पर रही। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए पहले मुकाबले में चेन्नई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना चुना। सीएसके ने कुल 20 ओवर में पांच विकेट पर 230 रन बनाए। चेन्नई के लिए आयुष म्हात्रे ने 34, उर्विल पटेल ने 37 रन बनाए। रविंद्र जडेजा 21 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 23 गेंदों पर 57 रन की पारी खेली।

ड्वेन कॉन्वे (52 रन) ने भी अर्द्धशतक लगाया। फिर 231 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। गुजरात के ओपनर साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। अरशद खान ने 20 रन और शाहरुख खान ने 19 रन का योगदान दिया। चेन्नई के लिए नूर अहमद और अंशुल कंबोज ने 3-3 विकेट झटके। रविंद्र जडेजा को दो विकेट मिले।




## गेल का आईपीएल में 175 रन का रिकार्ड अभी भी है कायम

दर्पण व्यू डेस्क



**मुम्बई** । आईपीएल में अब तक कई नये रिकार्ड बने हैं और टूटे हैं पर गेल का साल 2013 में बनाया ये रिकार्ड ऐसा है जो एक दशक से भी अधिक समय से बना हुआ है। गेल अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने टी-20 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 66 गेंद पर 175 रन की नाबाद पारी खेली थी। उस समय गेल आरसीबी के लिए खेलते थे। गेल के टी20 करियर में 463 मैचों में 14,552 रन शामिल हैं। गेल के अलावा दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज ब्रैंडन मैकुलम है, जिन्होंने 2008 में रॉयल चैलैंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 73 गेंदों में नाबाद 158 रन बनाये। इस सत्र में सत्र में 141 रनों की पारी खेलकर अभिषेक शर्मा सबसे अधिक रनों की पारी के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। वहीं चौथे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक है।

## अयूब को नया टी20 कप्तान बनायें : शाहिद अफरीदी

दर्पण व्यू डेस्क



**लाहौर** । पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने कहा है कि युवा बल्लेबाज सैम अयूब को नया टी20 कप्तान बनाया जाना चाहिये। अफरीदी ने कहा हे कि अपने अब के करियर में अयूब ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे सभी प्रभावित हैं। अफरीदी ने कहा कि अयूब ने धीमी शुरूआत की है पर एक लय पकड़ने के बाद वह आगे बढ़ते गये हैं। पिछले साल 2024 में इस बल्लेबाज ने जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तीन एकदिवसीय शतक लगाये थे। यही नहीं इसी साल उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 98 रनों की पारी भी खेली थी। एक खास कार्यक्रम में अफरीदी ने कहा, हमें ऐसे कप्तान की जरूरत है जो खेल के प्रति सकारात्मक रुवैया रखता हो।

# कारोबार

## चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर बाजार ने लगाई छलांग

दर्पण व्यू डेस्क

**मुंबई।** भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मामले में जापान को पछाड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से निवेशकों का भरोसा और मजबूत होने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार ने ऊंची छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 747.66 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82,468.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 218.10 अंक यानी 0.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,071.25 अंक पर पहुंचा।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 208 अंक उछलकर 81,928.95 अंक पर खुला और खबर लिखे जाने तक 81,867.23 अंक के निचले जबकि 82,492.24 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 66 अंक बढकर 24,919.35 अंक पर खुला और 24,900.50 अंक के निचले, जबकि 25,079.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खबर बाजार के लिए निकट भविष्य में मनोबल बढ़ाने वाली होगी। यह न केवल वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करेगा, बल्कि घरेलू स्तर पर भी निवेश भावना को मजबूत करेगा।




विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की यह प्रगति मजबूत आर्थिक बुनियाद सतत सुधारों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर विकास दर का परिणाम है। ऐसे समय में जब कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती से जूझ रही हैं, भारत की रैंकिंग में यह उछाल देश को वैश्विक निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बना सकता है। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ?2.11 लाख करोड़ का लाभांश देने की घोषणा ने आर्थिक जगत में हलचल मचा दी है। यह आंकड़ा बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और सरकार के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। इसी तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय संघ के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस कदम से संभावित नए व्यापार युद्ध की आशंका कम हो गई है, जिसने हाल के दिनों में वैश्विक निवेशकों की चिंता बढ़ा दी थी। विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला विश्व बाजारों में स्थिरता बनाए रखने में मदद करेगा और निवेशकों की भावना को सहारा देगा। ट्रम्प प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम संकेत देता है कि अमेरिका फिलहाल विवाद के बजाय समाधान की दिशा में बढ़ा चाहता है।

## इस खतरे की वजह वायर वाले इयरफोन यूज करते हैं सेलिब्रिटीज


दर्पण व्यू डेस्क

**नई दिल्ली।** आजकल के इस दौर में हम अकसर कई बदलाव देखते हैं। आए दिन नई टेक्नोलॉजी आ रही है और लोग अपनी पुरानी चीजों को भूलकर नई चीजें अपना रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं बदलाव के इस दौर में भी हम घूम फिर कर उसी पुराने दौर में पहुंच रहे हैं। बात चाहे फैशन की हो, खानपान या रहनसहन की, लोग अब पुरानी चीजों का ज्यादा पसंद करने लगे हैं और यही बात टेक्नोलॉजी में भी देखी गई है, क्योंकि जहां लोग वायरलेस चीजों पर फिदा होते थे, वहां अब पुराने वायर्ड इयरफोन की वापसी हो गई है।

दुनिया भर के सेलेब्रिटीज को अकसर वायर्ड इयरफोन को यूज करते हुए देखा जाता है और भारत में भी इसका क्रेज कम नहीं है। कुछ लोग सोचते हैं कि वायर्ड इयरफोन की कीमत वायरलेस इयरफोन के मुकालबे कम होती है, इसलिए इनका ज्यादा यूज किया जाता है। ऐसा बिलकुल भी नहीं है, आपको मार्केट में एक से बढकर एक मंहगे वायर्ड इयरफोन मिल जाएंगे, जिनकी कीमत लाखों में होती है, तो अब सवाल यह उठता है की जहां मार्केट में कई तरह के एडवांस फीचर्स वाले वायरलेस इयरफोन आ गए हैं, वहां लोग क्यों इन वायर्ड इयरफोन को ही सबसे ज्यादा पसंद कर रहे है। आइए जानते हैं।



इसका एक कारण है हैकिंग के बचना, क्योंकि हैकर्स वायरलेस इयरफोन को हैक भी कर सकते हैं। हैकर्स ब्लूटूथ के जरिए इन इयरफोन को हैक करते हैं, लेकिन वायर्ड इयरफोन में इस तरह का कोई खतरा नहीं होता है। इतना ही नहीं, वायर्ड इयरफोन की वॉइस क्वालिटी भी वायरलेस इयरफोन से ज्यादा अच्छी मानी जाती है। इसके अलावा वायरलेस इयरफोन को बार- बार चार्ज भी करना पड़ता है और अगर बैटरी खत्म हो गई फिर आप उन्हें यूज ही नहीं कर सकते, जबकि वायर्ड इयरफोन इसके बिलकुल विपरीत है। इन्हें न चार्ज करना पड़ता है और न ही बैटरी की कोई पेशानी होती है। एक अन्य कारण यह भी है कि वायरलेस इयरफोन के खो जाने की भी ज्यादा संभावना होती है, और कभी भी कान से निकलकर गिर सकते हैं। एक बार अगर गुम हो जाए, तो फिर मिलना मुश्किल होता है। आप कौन से इयरफोन यूज करते हैं कमेंट करके हमें जरूर बताएं।



शिव विभिन्न कलाओं और सिद्धियों के प्रवर्तक भी माने गये हैं। संगीत, नृत्य, योग, व्याकरण, व्याख्यान, भैषज्य आदि के मूल प्रवर्तक शिव ही तो हैं। इनकी कल्पना सब जीवधारियों के स्वामी के रूप में की गयी है। इसी लिये यह पशुपति, भूतपति और भूतनाथ भी कहे गये हैं।

## शिव दर्शन में समाहित है लोककल्याण

# अनुकरण कीजिए

शिव की महिमा अपरंपार है। क्योंकि एक ही तत्व की तीन परम मूर्तियों यानी ब्रह्मा, विष्णु और शिव में सबसे अन्तिम मूर्ति का नाम ही शिव है। शिव ही शंकर भी हैं। ब्रह्मा का कार्य सृष्टि करना, विष्णु का कार्य पालन करना और शिव का कार्य संहार करना है। परन्तु साम्प्रदायक शैवों के अनुसार, शिव ही परम तत्व हैं और उनके कार्यों में संहार के अतिरिक्त सृष्टि और पालन के कार्य भी सम्मिलित हैं।

शिव परम कारुणिक भी हैं और उनमें अनुग्रह अथवा प्रसाद तथा तिरो भाव यानी गोपन और लोपन की क्रिया भी पायी जाती है। इस प्रकार उनके कार्य पांच प्रकार के हैं। शिव की विभिन्न अभिव्यक्तियां इन्हीं कार्यों में से किसी न किसी से सम्बन्धित हैं, प्रभावित हैं, अनुप्राणित हैं। शिव का उद्देश्य ही भक्तों का कल्याण करना है।

शिव विभिन्न कलाओं और सिद्धियों के प्रवर्तक भी माने गये हैं। संगीत, नृत्य, योग, व्याकरण, व्याख्यान, भैषज्य आदि के मूल प्रवर्तक शिव ही तो हैं। इनकी कल्पना सब जीवधारियों के स्वामी के रूप में की गयी है। इसी लिये यह पशुपति, भूतपति और भूतनाथ भी कहे गये हैं।

शिव सभी देवताओं में श्रेष्ठ कहे गये हैं। इसी लिये महेश्वर और महादेव इनके विरुद पाये जाते हैं। इनमें माया की अनन्त शक्ति है, इसी लिये शिव मायापति भी हैं। उमा के पति होने से शिव का एक पर्याय उमापति भी है। इनके अनेक विरुद और पर्याय हैं। महाभारत 13,17 में इनकी एक लम्बी सहस्त्रनाम सूची है।

शिव की कल्पना की उत्पत्ति और विकास का क्रम वैदिक साहित्य से ही मिलना शुरू हो जाता है। ऋग्वेद में रुद्र की कल्पना में ही शिव की अनेक विशेषताओं को बतलाया गया है। फिर तत्सम्बन्धी पौराणिक गाथाओं में उसके मूल का समावेश है। इसी प्रकार 'शुक्ल यजुर्वेद' की वाजसनेयी संहिता (अ.6) में जो शतरुद्रिय पाठ है, उसमें शिव का मूल रूप प्रतिबिम्बित है। उसमें शिव को गिरीश यानी पर्वत पर रहने वाला, कृत्तिवास यानी पशुचर्म धारण करने वाला तथा कपर्दी यानी जटा जूट रखने वाला कहा गया है। वहीं, अथर्ववेद में भी रुद्र की बड़ी महिमा बतायी गयी है और उनके लिये भव, शर्व, रुद्र, पशुपति, उग्र, महादेव, और ईशान जैसे विरुदों का प्रयोग किया गया है।

वहीं, सिन्धुघाटी के उत्खनन से जो धार्मिक वस्तुयें मिली हैं, उनमें योगी शिव की भी एक प्रतिकृति पाई गई है, परन्तु अभी तक संज्ञा के रूप में शिव का नाम न मिलकर विशेषण के रूप में ही मिला है। 'उत्तरवैदिक साहित्य' में शिव रुद्र के पर्याय के रूप में मिलते हैं। 'श्वेताश्वतर उपनिषद' में रुद्र के अनेक नामों में शिव भी एक नाम है। 'शांखायन' और 'कौषीतकि' आदि ब्राह्मणों में शिव रुद्र महादेव, ईशान आदि रुद्र के नाम मिलते हैं।

वहीं, 'शतपथ' और 'कौषीतकि' ब्राह्मण में रुद्र का एक विरुद अशनि भी पाया जाता है, इन आठ विरुदों में रुद्र, शर्व, उग्र तथा अशनि, शिव के घोर यानी भयंकर रूप का प्रतिधिनित्व करते हैं। इसी प्रकार भव, पशुपति, महादेव, और ईशान उनके सौम्य यानी सुन्दर रूप का वर्णन करते हैं। वहीं, यजुर्वेद में उनके मांगलिक विरुद शम्भु और शंकर का भी उल्लेख है। शिव की पूजा का क्रमशः विकास कब हुआ, यह बतलाना कठिन है, किन्तु इतना तो निश्चित है कि ईशा पूर्व में ही शैव सम्प्रदाय का उदय हो चुका था।

वहीं, 'पाणिनि' ने अष्टाध्यायी (4.1.115) में शिव उपासकों का उल्लेख किया है। 'पतंजलि' ने महाभाष्य में यह भी कहा है कि शिव भागवत अयःशूल यानी त्रिशूल और दण्डाजनि धारण करते थे। पुराणों में, जिनमें शैव पुराणों में शिव का विस्तृत वर्णन और शिवत्व का विवेचन पाया जाता है।

पुराणों और परवर्ती साहित्य में शिव की कल्पना योगिराज के रूप में की गयी है। उनका निवास स्थान कैलाश पर्वत है। वे व्याघ्र चर्म (बाघम्बर) पर बैठते हैं। वे ध्यान मग्न रहते हैं। वे अपने ध्यान और तपोबल से जगत को धारण करते हैं। उनके शिर पर जताजूट है जिसमें द्वितीया का चन्द्रमा नवचन्द्र जटित है। इसी जटा से जगत्पावनी गंगा प्रवाहित होती हैं। उनके दाहिने भाग में कमण्डल, त्रिशूल और त्रिशूल के उपरत्व भाग में डमरू स्थापित है।

देखा जाए तो जिन सांपों से दुनिया डरती है, उन्हीं सर्पों की माला उनके गले में रहती है। दाहिना हाथ वरमुद्रा में और बायां हाथ माला को लेकर जाप मुद्रा में है। दोनों आंखों के बीच में शिव का तीसरा नेत्र है, जो उनके कुपित होने पर ही खुलता है। उसके खुलने पर पृथ्वी के पापियों का नाश हो जाता है। यही नेत्र अंतर्दृष्टि और अंतर्ज्ञान का प्रतीक भी है। इसी से शिव ने काम दहन किया था।

शिव जी का कण्ठ नीला है। क्योंकि समुद्र मन्थन से जो विष निकला था, उन्होंने जगत कल्याण के लिये उसका पान करके सम्पूर्ण विश्व को बचा लिया था। अमृत पाने की इच्छा से जब देव-दानव बड़े जोश और वेग से मंथन कर रहे थे, तभी समुद से कालकूट नामक भयंकर विष निकला। उस विष की अग्नि से दसों दिशाएं जलने लगीं। समस्त प्राणियों में हाहाकार मच गया। देवताओं और दैत्यों सहित ऋषि, मुनि, मनुष्य, गंधर्व और यक्ष आदि उस विष की गरमी से जलने लगे। देवताओं की प्रार्थना पर, भगवान शिव विषपान के लिए तैयार हो गए। उन्होंने भयंकर विष को हथेलियों में भरा और भगवान विष्णु का स्मरण कर उसे पी गए। भगवान विष्णु अपने भक्तों के संकट हर लेते हैं।

उन्होंने उस विष को शिवजी के कंठ (गले) में ही रोक कर उसका प्रभाव खत्म कर दिया। विष के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया और वे संसार में नीलकंठ के नाम से प्रसिद्ध हुए। उनके कण्ठ और भुजाओं में सर्प लिपटे हैं। सम्पूर्ण शरीर पर भस्म लगी हुई है। ऐसा उनका स्वरूप माना जाता है। उनके वाम भाग में माता पार्वती विराजमान हैं। उनके सामने उनका वाहन नन्दी है। वे अपने गणों से घिरे रहते हैं।

योगिराज के अतिरिक्त नटराज के रूप में भी शिव की संकल्पना हुई है। वे नाट्य और संगीत के भी अधिष्ठाता हैं। 108 प्रकार के नाट्यों की उत्पत्ति शिव से ही मानी जाती है। जिनमें लास्य और ताण्डव दोनों सम्मिलित हैं। दक्षिणामूर्ति के रूप में शिव की कल्पना हुई है। यह शिव के जगतगुरु का रूप है। इस रूप में वे व्याख्यान अथवा तर्क की मुद्रा में अंकित किये जाते हैं।

मूर्त रूप के अतिरिक्त अमूर्त अथवा प्रतीक रूप में भी शिव की भावना होती है। इनके प्रतीक को लिंग कहते हैं, जो उनके निश्चल ज्ञान और तेज का प्रतिधिनित्व करता है। पुराणों में शिव के अनेक अवतारों का वर्णन किया गया है। लगता है कि विष्णु के अवतारों की पद्धति पर यह कल्पना की गयी है। प्रायः दुष्टों के विनाश तथा भक्तों की परीक्षा आदि के लिये शिव अवतार धारण करते हैं। शिव-पार्वती के विवाह की कथा संस्कृत साहित्य और लोक साहित्य में भी बहुत प्रचलित है।

अगर लिवर हेल्दी रहता है तो कई बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। लिवर डिटॉक्सिफिकेशन, मेटाबॉलिज्म और पाचन तंत्र का मुख्य अंग है। ऐसे में आप अपने लिवर को हेल्दी रखने और डिटॉक्स करने के लिए अपनी डाइट में कुछ हेल्दी ड्रिंक्स को शामिल कर सकते हैं।



# बॉडी में जमे टॉक्सिन्स को बाहर निकाल देंगे ये हेल्दी ड्रिंक्स

लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग होता है। यह हमारे शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने का काम करता है। लिवर को स्वस्थ रखने और उसे डिटॉक्स करने के लिए हेल्दी चीजों का सेवन करना जरूरी होता है। ऐसे में अगर लिवर हेल्दी रहता है तो कई बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। लिवर डिटॉक्सिफिकेशन, मेटाबॉलिज्म और पाचन तंत्र का मुख्य अंग है। ऐसे में आप अपने लिवर को हेल्दी रखने और डिटॉक्स करने के लिए अपनी डाइट में कुछ हेल्दी ड्रिंक्स को शामिल कर सकते हैं। यह हेल्दी ड्रिंक्स लिवर को नेचुरल रूप से हेल्दी रखने में मदद करते हैं।

### नींबू पानी

बता दें कि नींबू में विटामिनी सी और एंटी ऑक्सीडेंट पाया जाता है। जोकि लिवर को डिटॉक्स करने का काम करता है। यह हमारी बॉडी से एक्स्ट्रा टॉक्सिन्स बाहर निकालने में सहायता करता है। ऐसे में आप एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू का रस मिलाकर सुबह खाली पेट सेवन करें।

### ऑरेंज जूस

संतरे में भी विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह लिवर के एंजाइम को एक्टिव करने के साथ बॉडी में जमे हानिकारक पदार्थ को बाहर निकालता है। इसके लिए आपको ताजे संतरे के जूस को बिना चीनी के पिएं। क्योंकि शुगर आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। आप दिन में एक बार इसका सेवन कर सकते हैं।

### हल्दी दूध

हल्दी में करक्यूमिन पाया जाता है, जोकि लिवर की सूजन को कम करने में सहायता करता है। साथ ही हल्दी शरीर के नेचुरल डिटॉक्सिफिकेशन प्रोसेस को बढ़ाता है। इसके लिए एक गिलास गर्म दूध में एक चुटकी हल्दी मिलाकर पिएं। आप इसको सुबह या रात को सोने से पहले पी सकते हैं।

### ग्रीन टी

ग्रीन टी में एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो लिवर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है। हालांकि इसका सही मात्रा में सेवन करना चाहिए। जिससे कि यह आपको किसी भी तरह का नुकसान न पहुंचा सके। आप रोजाना सुबह खाली पेट एक कप ग्रीन टी पी सकते हैं। इसमें अल्फा-लिपोइक एसिड पाया जाता है, जो लिवर के एंजाइम को सुधारता है।

### खीरे का जूस

खीरे में पानी की अधिक मात्रा होती है और यह लिवर को हाइड्रेट रखता है। यह लिवर को साथ करने के साथ ही शरीर से टॉक्सिन्स को भी बाहर निकालता है। खीरे को पानी को निकालकर ताजे जूस के रूप में पिएं। आप चाहें तो इसमें काला नमक भी मिला सकते हैं। यह टेस्ट को बढ़ाता है और आपको दिन में एक बार इसको जरूर पीना चाहिए।



वजन घटाने के लिए इंटरनेट पर कई तरीके मिलते हैं, लेकिन सही जानकारी और संतुलित खानपान और जीवनशैली पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। फिटनेस कोच भाविका पटेल ने वजन घटाने से जुड़ी 5 आम गलतियों के बारे में बताया है, जिनमें शामिल हैं, अधिक सब्ज़ियाँ खाने से वजन कम होने की गारंटी नहीं है, दाल पर पूरी तरह से निर्भर रहना प्रोटीन के लिए सही नहीं है, वजन घटाना घर पर खाने या बाहर खाने पर नहीं बल्कि कैलोरी की कमी पर निर्भर करता है।

# शॉर्टकट नहीं

## स्मार्ट चॉइस से घटाएं वजन

वजन घटाने के ढेरों उपाय इंटरनेट पर मिलते हैं, जिससे यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि कौन सा तरीका सच में असरदार है। इस भ्रम में पडने की बजाय अगर आप संतुलित खानपान और बेहतर जीवनशैली की ओर ध्यान दें, तो अपने फिटनेस लक्ष्यों तक पहुंचना ज्यादा आसान हो सकता है। सही जानकारी के साथ आगे बढना और आमतौर पर की जाने वाली गलतियों से बचना न केवल आपका समय बचाएगा, बल्कि बेहतर और टिकाऊ परिणाम भी देगा।

1. ज्यादा सब्जियां, ज्यादा वजन घटाना नहींः अधिक सब्जियां खाने से वजन कम होने की गारंटी नहीं है, खासकर यदि आप पकी हुई सब्जियों का सेवन 300 ग्राम से अधिक करते हैं। अधिक फाइबर पानी के जमाव का कारण बन सकता है।
2. दाल पर निर्भरताः दाल में कार्ब्स होते हैं और इसे पचाना मुश्किल हो सकता है, इसलिए प्रोटीन के लिए इस पर पूरी तरह से निर्भर रहना सबसे अच्छा विकल्प नहीं है। अधिक कार्ब्स वजन घटाने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं।
3. घर का खाना और वजन घटानाः वजन घटाना घर पर खाने या बाहर खाने पर निर्भर नहीं करता, बल्कि कैलोरी की कमी पर निर्भर करता है। अपने खाने को स्केल से नापकर ट्रैक पर बने रहें।
4. ज्यादा कसरत, ज्यादा वजन घटाना नहींः व्यायाम मांसपेशियों के निर्माण और चयापचय को बढावा देने में मदद करता है, लेकिन वजन घटाना अंततः कैलोरी की कमी को बनाए रखने पर निर्भर करता है। दोनों को संतुलित करना महत्वपूर्ण है।
5. अभाव और अत्यधिक खाने की आदतः अपने आप को बहुत ज्यादा सीमित रखने से अत्यधिक खाने की आदत पड सकती है। इसके बजाय, प्राचीन सुपरफूड को शामिल करके संतुलन लाने का प्रयास करें और बिना वंचित महसूस किए अपने शरीर को डिटॉक्स करें।

# माइंडसेट पर काबू रखें, तो नतीजों पर भी काबू होगा: रकुल प्रीत



हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पर एक किताब का पन्ना शेयर किया, जिसमें जिंदगी से जुड़ी गहरी बात छिपी हुई थी। दरअसल, इस पन्ने पर लिखा था- आपके सोचने का तरीका, हमारी जिंदगी की बुनियाद होता है।

इस पोस्ट को शेयर करते हुए रकुल प्रीत सिंह ने कैप्शन में लिखा, माइंडसेट पर काबू रखें, तो नतीजों पर भी काबू होगा। रकुल का यह पोस्ट इस बात का सबूत है कि वह अपने फैंस का सिर्फ मनोरंजन ही नहीं करती, बल्कि जिंदगी से जुड़ी प्रेरणाएं भी उन्हें देती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने पिता के साथ एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में उन्होंने एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने पिता के साथ स्कूटर पर बैठी हुई दिखाई दीं। यह तस्वीर उनके बचपन की थी। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, सेना दिवस भले ही पूरी दुनिया में मनाया जाता हो, लेकिन मेरा दिल एक वर्दी के लिए धड़कता है, मेरे पापा की वर्दी के लिए। एक आर्मी ऑफिसर के बच्चे के रूप में मैंने बचपन से ही त्याग, सम्मान और हिम्मत का मतलब समझा।आज मैं सिर्फ अपने पापा को नहीं, बल्कि उन सभी सैनिकों को सलाम करती हूं, भारत और दुनिया भर के, जो खुद से पहले देश की सेवा को चुनते हैं। खासकर हाल के समय में भारतीय सेना की बहादुरी हमें याद दिलाती है कि शांति मुफ्त में नहीं मिलती, उसे सैनिकों की कुबार्नी से सुरक्षित रखा जाता है। मैं दिल से शुक्रगुजार हूं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत सिंह आखिरी बार फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में नजर आई थीं, जिसमें उनके साथ अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर भी अहम किरदार में थे। बता दें कि मशहूर एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह न सिर्फ अपनी फिल्मों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपनी पॉजिटिव सोच और लाइफस्टाइल के लिए भी चर्चा में रहती हैं।



## सेहत को लेकर काफी फिक्रमंद रहती हैं

# मानुषी छिल्लर

बालीवुड अभिनेत्री मानुषी छिल्लर सेहत को लेकर काफी फिक्रमंद रहती हैं। उनकी दो ताजा तस्वीरें तो यही बयां करती हैं। एक्ट्रेस मानुषी ने इंस्टाग्राम पर दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में उन्होंने योगा मैट पर बैठकर मिरर सेल्फी ली है, उनके बगल में डंबल और रेजिस्टेंस बैंड रखे हुए हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में उनके प्रभावशाली कोर स्ट्रेंथ को दिखाया गया है, जिसमें उनके मिड-प्लैंक को परफेक्ट फॉर्म में दिखाया गया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, सुंदर छोटे बच्चे को मसल्स बनाना पसंद... आप कितनी देर तक प्लैंक कर सकते हैं? अभिनेत्री ने 19 मई को अपने असाधारण जन्मदिन समारोह की एक झलक साझा की, जो विभिन्न समय क्षेत्रों में 33 घंटे से अधिक समय तक चला। उन्होंने बताया कि जेट लैग ने उन्हें पीछे छोड़ दिया क्योंकि उन्होंने लगातार केक काटने का काम किया, जिसमें एक विशेष बकलवा और करीबी दोस्तों का सरप्राइज शामिल था। मानुषी ने लिखा, एक जन्मदिन जो 33 घंटे और 30 मिनट तक चला! जब आपके पास काटने के लिए ढेरों केक (सबसे अच्छे बकलवा सहित) और जश्न मनाने के लिए बहुत कुछ हो, तो जेट लैग की कौन परवाह करता है। मुझे इतना खास महसूस कराने के लिए मेरी गर्ल्स का शुक्रिया। वहीं काम की बात करें तो मानुषी छिल्लर इस साल दो बड़ी फिल्मों के साथ एक रोमांचक साल की तैयारी कर रही हैं। पहली फिल्म है मालिक, जो एक गैंगस्टर ड्रामा है जिसमें वह राजकुमार राव के साथ काम कर रही हैं ।इस फिल्म में मानुषी बिल्कुल नए अवतार में नजर आ रही हैं। पुलकित के निर्देशन में सजी और कुमार तौरानी तथा जय शेवक्रमणी द्वारा निर्मित, 'मालिक' 20 जून, 2025 को रिलीज होने वाली है। उनकी दूसरी फिल्म, ह्लतेहरानह्व वास्तविक घटनाओं पर आधारित एक मनोरंजक भू-राजनीतिक थ्रिलर है। इसमें मानुषी के अपोजिट जॉन अब्राहम हैं।

# शाहरुख खान ने आज तक नहीं देखी अपनी सुपरहिट फिल्म स्वदेश

बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान अपनी फिल्मों को अक्सर कई बार देखते हैं ताकि उनमें सुधार कर सकें, लेकिन उनकी एक बेहद खास फिल्म ऐसी भी है जिसे उन्होंने आज तक नहीं देखा। यह फिल्म है 2004 में रिलीज हुई और आशुतोष गोवारिकर द्वारा निर्देशित स्वदेश। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित थी और लोगों को बहुत प्रेरित भी किया था। स्वदेश की कहानी पूरी तरह काल्पनिक नहीं है। यह फिल्म उस असली जोड़े रविकुचिमांची और अरविंद की जिंदगी से प्रेरित थी, जिन्होंने विदेश से लौटकर महाराष्ट्र के बैलगांव नामक गांव में एक छोटा सा बांध बनाकर वहां बिजली पहुंचाई थी। आशुतोष गोवारिकर ने इस फिल्म को बनाने के लिए बापू कुटी नामक किताब से प्रेरणा ली थी, जो फिल्म में भी दिखायी गई है। एक सीन में शाहरुख खान बुक स्टोर के पास खड़े होते हैं, जहां यह किताब भी नजर आती है। फिल्म से जुड़ी और दिलचस्प जानकारी यह है कि मोहन भार्गव नामक किरदार जो बारिश का पता लगाने वाले ग्लोबल प्रेसिपिटेशन मेजरमेंट सैटेलाइट पर काम करता है, वह असल में नासा का एक मिशन था जिसे 2014 में लॉन्च किया गया था। लेकिन सवाल यह है कि इतनी खास और लोकप्रिय फिल्म को शाहरुख खान ने क्यों नहीं देखा? इसका जवाब इमोशनल है। शाहरुख ने बताया कि वे इस फिल्म और अपने किरदार से इतने जुड़ गए थे कि फिल्म खत्म होते हुए देखना उनके लिए बहुत भावनात्मक था। उन्होंने कहा, स्वदेश बनाना मेरे लिए इतना खुशी और भावनात्मक रूप से भरपूर अनुभव था कि मैंने कभी भी इस फिल्म को रिलीज के बाद नहीं देखा। मैं उस फिल्म के खत्म होने के एहसास को महसूस नहीं करना चाहता था। स्वदेश अपनी प्रेरणादायक कहानी और शाहरुख खान के अभिनय के लिए दर्शकों के बीच आज भी बेहद पसंद की जाती है। हालांकि, अभिनेता की इस खास वजह से यह फिल्म उनकी लिस्ट में अलग ही जगह रखती है।



# स्टार प्लस पर डेब्यू करेंगी निशा मधुलिका



मशहूर यूट्यूबर और घर की रसोई में कमाल दिखाने वाली निशा मधुलिका अब टीवी पर कदम रखने जा रही हैं। स्टार प्लस हमेशा से ही हमारे घरों का हिस्सा रहा है, वो कहानियां दिखाकर जिनसे हर उम्र के लोग खुद को जोड़ पाते हैं, चाहे इमोशनल ड्रामा हो या ज़िंदगी से जुड़ी कोई प्रेरक कहानी। अब चैनल अपनी इस जबरदस्त लाइनअप में एक नया तड़का लगाने जा रहा है। निशा मधुलिका अब टीवी पर कदम रखने जा रही हैं ।निशा ने यूट्यूब पर 1.2 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर्स का दिल जीता है। उनकी वेजिटेरियन रेसिपीज और अपनापन आज लाखों घरेलू रसोइयों और फूड लवर्स की पहली पसंद बन चुके हैं। अब यही स्वाद और सादगी वो स्टार प्लस के प्यारे किरदारों और शोज के बीच लेकर आ रही हैं। स्टार प्लस का नया प्रोमो लोगों को एक मीठी सी झलक देता है आने वाले मजेदार सफर की। प्रोमो में निशा मधुलिका रसोई में नजर आती हैं, खाना बनाते हुए वो सिर्फ रेसिपी नहीं, बल्कि अपनापन, यादें और ज़िंदगी के छोटे-छोटे सबक भी परोसती हैं, वो भी अपने खास अंदाज में। उनकी मौजूदगी स्टार प्लस की दुनिया में एकदम फिट बैठती है। वह चैनल के पॉपुलर किरदारों के साथ मिलकर न सिर्फ पकाएंगी, बल्कि दर्शकों को इमोशन, ड्रामा और खाने का तड़का एक साथ देखने को मिलेगा। डिजिटल दुनिया की इस चहेती शेफ का टेलीविजन से ये मिलन एक ताजा और दिलचस्प शुरूआत साबित होने वाला है ।स्टार प्लस पर यह शो 26 मई से रोज शाम 6:15 बजे प्रसारित होगा।



# 'राहु केतु' की शूटिंग के लिए मनाली रवाना हुईं शालिनी पांडे

बॉलीवुड अभिनेत्री शालिनी पांडे अपनी आने वाली फिल्म 'राहु केतु' की दूसरे शूटिंग शेड्यूल के लिए मनाली रवाना हो गईं। शालिनी बहुप्रतीक्षित डार्क कॉमेडी फिल्म में पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा के साथ नजर आएंगी। मनाली की खूबसूरत और ठंडी वादियां फिल्म के लिए एक अहम बैकड्रॉप बनेंगी, जिससे शूङ्कषटग का यह नया चरण और भी रोमांचक हो गया है। शालिनी ने अपने करियर में बेहतरीन विविधता दिखाई है। उन्होंने 'महाराज' में जुनैद खान के साथ अपने शानदार अभिनय से दिल जीता और हाल ही में 'डब्बा कार्टेल' में अपनी उपस्थिति से सबका ध्यान खींचा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक गौरव शुक्ला द्वारा 6/268, रामबाबू की जीन बेलनगंज से प्रकाशित RNI No:- UPHIN/2021/84146, सम्पादक* आशीष दीक्षित
सभी विवादों के न्याय क्षेत्र आगरा न्यायालय होगा। सम्पर्क:- 09084444935, 08755803393, E-mail: DarpanView101@Gmail.com (इसमें छपे लेख, लेखकों के निजी विचार हैं। सम्पादक का इन लेखकों के विचारों से सहमत होना अनिवार्य नहीं है।)